


बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 07 अगस्त 2026 | दिन - शुक्रवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 192 | मूल्य - 5 रुपये









## अतीक अहमद के बेटे की झांसी में सड़क हादसे में मौत..

**झांसी (उप्र)(भाषा)।** माफिया एवं पूर्व सांसद दिवंगत अतीक अहमद के बेटे अबान अहमद समेत दो लोगों की बृहस्पतिवार को झांसी जिले में एक सड़क हादसे में मौत हो गयी। इस घटना में कार सवार तीन अन्य लोग घायल हो गये, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को झांसी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है, जहां डॉक्टरों का एक पैनल पोस्टमार्टम करेगा। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) अरविंद कुमार ने बताया कि अबान अहमद अपने साथियों के साथ झांसी जेल में बंद अपने भाइयों से मिलने जा रहा था, तभी रास्ते में पुंछ थाना क्षेत्र में झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज गति से गुजर रही उसकी एसयूवी कार बेकाबू होकर एक डिवाइडर से टकराकर पलट गयी। इस हादसे की सूचना पुलिस को सुबह साढ़े 10 बजे मिली। उन्होंने कहा कि इस हादसे में अबान अहमद (21) और उसके दोस्त सोनू (25) की मौत हो गई। मूर्ति ने बताया कि हादसे में घायल कार सवार आजम, मोहम्मद जावेद और उमर को झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

## सरपंच ने कलेक्ट्रेट में कीटनाशक पिया, काम के दौरान प्रताड़ना का आरोप लगाया

**बुरहानपुर (मप्र), (भाषा)।**

***मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले के एक गांव के सरपंच ने काम के दौरान प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कथित तौर पर कीटनाशक पी लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद सीतापुर ग्राम पंचायत के सरपंच अमर सिंह मंडलोई को***

गंभीर अवस्था में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां उनका उपचार किया जा रहा है। सरपंच का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें वह कीटनाशक पीने के बाद नेपानगर से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक मंजू दादू और क्षेत्र के अन्य लोगों पर काम के दौरान प्रताड़ित करने का आरोप लगा रहे हैं। सरपंच के आरोपों पर विधायक का पक्ष जानने के लिए कई बार प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। हालांकि, भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोज माने ने दादू के खिलाफ सरपंच के आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस समर्थित सरपंच ने प्रमुख विपक्षी दल के इशारे पर ये आरोप लगाए हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) सृजन वर्मा ने बताया कि उन्हें सरपंच और उनकी ग्राम पंचायत के सचिव के बीच मतभेद की सूचना मिली है। उन्होंने कहा, ''सरपंच का उपचार जारी है। जैसे ही उनकी हालत में सुधार होता है, हम उनसे बात करके उनकी समस्याएं सुनेंगे और उनका निराकरण करेंगे।'' कांग्रेस नेता अजय रघुवंशी ने कहा कि आदिवासी समुदाय के सरपंच ने कथित प्रताड़ना के संबंध में भाजपा विधायक और अन्य लोगों के खुलेआम नाम लिए हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज किया जाना चाहिए।

## पुलिसकर्मी पर 'हमले' पर महबूबा और उनकी बेटी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**श्रीनगर, (भाषा)।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) द्वारा दो दिन पहले आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान एक पुलिसकर्मी पर कथित तौर पर हमला करने के मामले में पार्टी अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती तथा उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती के खिलाफप्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पीडीपी ने मंगलवार को यह प्रदर्शन जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद-370 को रद्द किए जाने के खिलाफआयोजित किया था। पार्टी ने प्रदर्शन में इस अनुच्छेद को बहाल करने की मांग की। अधिकारियों ने बताया कि महबूबा और इल्तिजा के खिलाफभारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीडीपी ने कहा कि पुलिस खिमबर में महबूबा के घर पहुंची और इल्तिजा से पूछताछ की। पार्टी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ÷इलाज करा रही घायल महिला से पूछताछ करना गंभीर चिंता का विषय है और यह बेहद असंवेदनशील है। अधिकारियों को उनकी चिकित्सकीय स्थिति का सम्मान करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उचित प्रक्रिया का पालन गरिमा और मानवीयता के साथ किया जाए।

## बुजुर्ग के मूंह मे लोहे की रॉड ठूंसकर डकैती को अंजाम देने वाले 03 डकैतो को लांजी पुलिस ने धर दबोचा..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट जिले के लांजी थाना अंतर्गत ग्राम कुलपा में 25 जुलाई को बुजुर्ग दंपत्ति के घर पर दिन दहाड़े टॉवर लगाने के नाम पर घुसे आरोपियों ने मूंह में लोहे की रॉड ठूंसकर तथा गला दबाकर प्राणघातक हमला करते हुए डकैती***




### आमगांव गोंदिया निवासी आरोपीयो संहित 07 आरोपियों का किया पुलिस ने खुलासा..

### 05 आरोपियों को किया गिरफ्तार.. 02 की तलाश जारी..

को अंजाम दिया था। पुलिस ने घटना स्थल से देशी पिस्तौल भी बरामद किया था, तथा इस घटना के बाद लांजी पुलिस ने आमगांव जिला गोंदिया पुलिस की मदद से आरोपियों को पकड़ने में और तह तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की है, इस बात की जानकारी आज प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने दी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराध को पेशेवर आरोपियों ने अंजाम दिया, तथा यह अंतर्राज्यीय अपराधी पश्चिम बंगाल, झारखंड और महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने इस वारदात में शामिल सात आरोपियों की पहचान कर ली है। इनमें से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि अपराध घटित होने के बाद विशेष जांच दल गठित किया गया, और संदेह के आधार पर आमगांव निवासी नितेश शेण्डे से पूछताछ की गई, जिसके बाद पुलिस राजेश भोयर तक पहुंची। पूछताछ में राजेश भोयर ने अपने साथ धीरज फुण्डे, हेमंत फुण्डे, दीपक दास, शिवकुमार दास, रिंकू पासवान और विनोद पासवान के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। इस अपराध को मुख्य आरोपी धीरज फुण्डे, उसके चाचा हेमंत फुण्डे और राजेश भोयर ने घटना से पहले दो बार टावर लगाने के नाम पर बुजुर्ग दंपत्ति के घर की रेकी की थी। इसके बाद पश्चिम बंगाल निवासी दीपक दास को बुलाया गया, जिसने झारखंड निवासी शिवकुमार दास, रिंकू पासवान और विनोद पासवान को साथ लेकर वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद सभी आरोपियों ने लूट का सामान आपस में बांट लिया। पुलिस ने बताया कि राजेश भोयर, दीपक दास और शिवकुमार दास को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मुख्य आरोपी धीरज फुण्डे और हेमंत फुण्डे पहले से ही महाराष्ट्र के आमगांव थाना पुलिस द्वारा अन्य मामलों में गिरफ्तार किए जा चुके हैं। फरार आरोपी रिंकू पासवान और विनोद पासवान की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त स्कूटी, चांदी की करधनी, तीन चांदी के कड़े, सोने की दो जोड़ी बालियां, सोने का पेंडल तथा 50 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामद मशरूका की कुल अनुमानित कीमत लगभग 3.75 लाख रुपये बताई गई है। जांच में यह भी सामने आया कि फरार आरोपी विनोद पासवान के विरुद्ध झारखंड और बिहार में हत्या के प्रयास, रंगदारी, मारपीट, रेलवे अधिनियम तथा अन्य गंभीर अपराधों के कई मामले दर्ज हैं। वहीं धीरज फुण्डे के खिलाफ छत्तीसगढ़ में आर्म्स एक्ट तथा हेमंत फुण्डे के विरुद्ध महाराष्ट्र में कई आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में फरार आरोपियों की तलाश जारी है तथा प्रकरण की विवेचना के दौरान डकैती से संबंधित उपयुक्त धाराएं भी बढ़ाई गई हैं।








जग प्रेरणा
live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई




# महंगे शौक पुरे करने के लिये दोस्त ने डुप्लीकेट चाबी बनाकर दोस्त की टाटा पंच कार की चोरी कर ली..

## बालाघाट कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***आज के दौर में जहां आज के बच्चों के समक्ष अभाव के वह दौर नहीं है, जो पहले कभी हुआ करते थे। शासन की ओर से मिलने वाली सेवाओं में शिक्षा का अधिकार से लेकर आगे बढ़ने एवं अच्छा कैरियर बनाने के लिये अनेक संभावनाएं एवं व्यवस्थाएं हैं, बावजूद इसके आज का युवा संस्कारविहिन होता चला जा रहा है,***

तथा इसी का परिणाम है कि सिर्फ महंगे शौक पूरे करने के लिये अपने ही दोस्त की कार की डुप्लीकेट चाबी बनाकर एक दोस्त ने अन्य तीन दोस्तों के साथ मिलकर कार की चोरी के अपराध को अंजाम दिया, लेकिन अब चारों आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। गौरतलब है कि फरियादी शिवायु पिता सुधीर पटले, निवासी ग्राम पोण्डी थाना बम्हनी जिला मंडला, वर्तमान निवासी वार्ड क्रमांक-2, सेंटमेरी स्कूल के पास, भटेरा बालाघाट ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि 30 जुलाई 2026 की रात उन्होंने अपनी टाटा पंच कार क्रमांक एमपी 51 जेडई 0469 घर के सामने खड़ी की थी। अगले दिन 31 जुलाई की सुबह उठने पर कार वहां नहीं मिली। शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 523/2026 धारा 303(2) एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की बारीकी से जांच की तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। तकनीकी साक्ष्यों और प्राप्त सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने ग्राम अमोली में दबिश देकर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी गई टाटा पंच कार भी बरामद कर ली गई। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस विवेचना में सामने आया कि मुख्य आरोपी धनेश उर्फ लक्की उर्फ राजा कटरे फरियादी का करीबी मित्र था। उसने पहले ही फरियादी की कार की नकली चाबी तैयार करवा ली थी। इसके बाद अपने साथियों के साथ मिलकर घर के सामने खड़ी कार को चोरी कर बेचने की योजना बनाई थी। हालांकि पुलिस की त्वरित कार्रवाई और वैज्ञानिक विवेचना के चलते आरोपियों की पूरी साजिश का खुलासा हो गया। इस अपराध में लिप्त आरोपी धनेश उर्फ लक्की उर्फ राजा कटरे (20 वर्ष) निवासी ग्राम ढूटी थाना लामता, हाल मुकाम सेंट मेरी स्कूल के पास, भटेरा बालाघाट, 2. कपिल चौधरी (22 वर्ष), 3. अनुराग सोनवाने (20 वर्ष) एवं 4. आशीष रिनायत (23 वर्ष) सभी निवासी ग्राम अमोली थाना लामता को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अजय सिंह गुर्जर, उपनिरीक्षक भुनेश ठाकरे, प्रधान आरक्षक गजेन्द्र माटे, रामकिशोर पटले, नंदकिशोर टेकाम, आरक्षक शेख शहजाद, प्रियांक श्रीवास, ईश्वरचंद विद्यासागर, चन्द्रभान गुर्जर, विवेक तिवारी, हेमन्त बसेने, साइबर सेल के जय भगत तथा ऋषिका की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

# कलेक्टर कुमार सत्यम ने किया वारासिवनी तहसील न्यायालय का औचक निरीक्षण..

## तीन माह से अधिक प्रकरण लंबित नहीं रखने के निर्देश



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने गुरुवार 6 अगस्त को वारासिवनी तहसील न्यायालय का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की न्यायिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील न्यायालय में लंबित प्रकरणों की***

समीक्षा करते हुए उनके त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने तहसीलदार न्यायालय में संचालित प्रकरणों की विस्तार से जानकारी ली तथा आरसीएमएस (ऋष्टरूस्) पोर्टल पर दर्ज मामलों की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा कोई भी मामला तीन माह से अधिक अवधि तक लंबित नहीं रहना चाहिए। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने कहा कि न्यायालय में लंबित प्रकरणों की नियमित रूप से प्रतिदिन सुनवाई की जाए, जिससे आम नागरिकों को समय पर न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि पुराने निराकृत प्रकरणों में अमल की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर संबंधित अभिलेखों को अद्यतन किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालयीन कार्यप्रणाली एवं रिकॉर्ड संधारण का भी अवलोकन किया तथा अधिकारियों को शासन के निर्देशों के अनुरूप राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वारासिवनी एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल एवं तहसीलदार सुश्री वंदना कुशराम भी उपस्थित रहीं।

# मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज -2026:

## 207 टीमें उत्कृष्ट विद्यालय में 07 अगस्त को दिखाएगी ज्ञान का दम

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा ÷मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज-2026÷ का आयोजन 07 अगस्त को शास. उत्कृष्ट विद्यालय, बालाघाट में किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले के सभी 10 विकासखंडों के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों की कुल 207 पंजीकृत टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतिभागी टीमों का पंजीयन प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा, जबकि सुबह 10 बजे लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित श्रेष्ठ छह टीमें मल्टीमीडिया राउंड में प्रवेश करेंगी। इस अंतिम चरण में क्विज मास्टर द्वारा पूछे गए प्रश्नों के आधार पर विजेता टीम का चयन किया जाएगा।

प्रतियोगिता में विजेता टीम को मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की ओर से पर्यटन भ्रमण कूपन एवं मेडल प्रदान किए जाएंगे। वहीं उपविजेता टीम को भी आकर्षक पर्यटन पैकेज कूपन और मेडल से सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बालाघाट जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनश्री जैन ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं संबंधित विद्यालयों से समय पर उपस्थित होकर पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं पर्यटन विरासत से जुड़ने का बेहतर अवसर है।

# संक्षिप्त समाचार..

## दलहन प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित, 25 लाख रुपये तक मिलेगी वित्तीय सहायता

**जगप्रेरणा बालाघाट।** जिले में दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए दलहन फसलों के उत्पादन एवं प्रसंस्करण को बढ़ावा देने की दिशा में प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग यूनिट (दाल मिल) की स्थापना हेतु पात्र हितग्राहियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इस योजना के तहत कृषक, उद्यमी, व्यक्तिगत आवेदक, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), सीएलएफ पंजीकृत अन्य उपक्रम तथा पैक्स समितियां आवेदन कर सकेंगी। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को दाल मिल एवं गोदाम/भंडारण निर्माण के लिए परियोजना लागत का अधिकतम 33 प्रतिशत अथवा प्रति यूनिट 25 लाख रुपये, जो भी कम हो, तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। आवेदन संचालनालय, कृषि अभियांत्रिकी के पोर्टल 222.ष्द्धष्.द्वश्चस्त्रड्डद्दद्ग.शह्द्ध पर ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन, पात्रता, नियम एवं शर्तों सहित विस्तृत जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 जुलाई 2026 से 30 अगस्त 2026 तक प्राप्त ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे। आवेदकों को आवेदन के साथ निर्धारित धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट उप संचालक, किसान कल्याण एवं कृषि विकास के नाम से बनाकर उसकी स्कैन कॉपी अपलोड करना अनिवार्य होगा। सामान्य वर्ग एवं संस्थागत आवेदकों के लिए धरोहर राशि 1 लाख रुपये तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला आवेदकों के लिए 50 हजार रुपये निर्धारित की गई है। योजना का उद्देश्य दलहन फसलों का मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि, किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना, उनकी आय बढ़ाना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना है। विभाग के अनुसार पात्र आवेदकों की जिलेवार प्राथमिकता सूची कम्प्यूटरीकृत लॉटरी प्रणाली के माध्यम से 1 सितंबर 2026 को पोर्टल पर जारी की जाएगी।

## प्रतिबंधित अवधि में मछली विक्रय पर कार्रवाई, 86 किलो मेजर कार्प जब्त

**जगप्रेरणा बालाघाट।** बालाघाट जिले में मछलियों के प्रजनन काल के दौरान मत्स्याखेट पर लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मत्स्य विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 6 अगस्त को मत्स्य विभाग ने लालबर्रा, बकोड़ा एवं वारासिवनी के मत्स्य बाजारों में निरीक्षण कर प्रतिबंधित अवधि में मछली विक्रय करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्रीमती पूजा रोडगे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान 86 किलोग्राम मेजर कार्प मछली जब्त की गई। जब्त की गई मछलियों की नीलामी कर प्राप्त होने वाली 4 हजार 500 रुपये की राशि शासन कोष में जमा कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि मछलियों के प्रजनन काल को सुरक्षित रखने और मत्स्य संपदा के संरक्षण के उद्देश्य से 15 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट एवं प्रतिबंधित अवधि में मछली विक्रय पर रोक लगाई गई है। इस अवधि में नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। मत्स्य विभाग ने सभी मछुआरों, मत्स्य व्यापारियों एवं आमजन से अपील की है कि प्रतिबंध अवधि के दौरान मत्स्याखेट एवं मछली विक्रय से संबंधित नियमों का पालन करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मत्स्य संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## बालाघाट कृषि कार्यशाला में शामिल होंगे पूर्व मुख्य सचिव आर. परशुराम और सचिव निशांत वरवडें..

**जगप्रेरणा बालाघाट।** 18 अगस्त 2026 को मध्यप्रदेश शासन के सेवानिवृत्त मुख्य सचिव श्री आर. परशुराम तथा 20 अगस्त 2026 को किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के सचिव श्री निशांत वरवडें बालाघाट प्रवास पर रहेंगे। दोनों अधिकारी वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित कृषि कार्यशाला में भाग लेंगे। उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि विभाग द्वारा आदेश जारी कर कार्यक्रम के सफल समन्वय एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए सहायक संचालक कृषि कार्यालय के श्री राजेश कुमार खोबरागड़े मोबाइल नंबर 9907767250 को संपर्क अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, मंडी निरीक्षक मनोज पटले को सहायक संपर्क अधिकारी बनाया गया है। उनका मोबाइल नंबर 8889406995 है। विभाग ने दोनों अधिकारियों को आगंतुक अधिकारियों के प्रवास एवं कार्यशाला से संबंधित समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी है।

# जंतर-मंतर घटना के बाद पुलिस सुरक्षा कानून सख्त करने पुलिस पेंशनर्स संघ ने सौंपा ज्ञापन



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

जिला पुलिस पेंशनर्स संघ, बालाघाट ने 20 जुलाई 2026 को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन के दौरान पुलिस एवं सुरक्षा बलों के साथ हुई मारपीट और हिंसा की घटनाओं को लेकर प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन कलेक्टर बालाघाट के माध्यम से प्रेषित किया गया।

दस्तावेज़ में संघ ने पुलिस एवं सुरक्षा बलों की सुरक्षा के लिए कानूनों को और अधिक प्रभावी एवं कठोर बनाने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन के दौरान कुछ असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों द्वारा पुलिस और सुरक्षा बलों पर हमला किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी घायल हुए। संघ का कहना है कि ऐसी घटनाओं से कानून-व्यवस्था बनाए रखने वाले जवानों की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं। आंदोलन या धरना-प्रदर्शन के दौरान हिंसा होने पर आयोजकों की स्पष्ट जवाबदेही तय की जाए। पुलिस एवं सुरक्षा बलों पर हमला करने वालों के विरुद्ध कड़े दंडात्मक प्रावधान किए जाएं। पुलिस कर्मियों की सुरक्षा के लिए अलग और सख्त ÷पुलिस प्रोटेक्शन एक्ट÷ बनाया जाए। ड्यूटी के दौरान घायल पुलिसकर्मियों का संपूर्ण उपचार सरकार वहन करे तथा ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर परिजनों को 5 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। मीडिया से भी ऐसी घटनाओं में पुलिस पक्ष को निष्पक्ष रूप से सामने लाने की अपील की गई है। जिला पुलिस पेंशनर्स संघ ने शासन से मांग की है कि इन सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए आवश्यक कानूनी एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने वाले पुलिस एवं सुरक्षा बलों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

## आवश्यकता है..

*बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक) में वेटर, हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क 9301210805, 7000671780*









विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# स्वैच्छिक रक्तदान को जन आंदोलन बनाने जिले में चलेगा व्यापक अभियान

**शहीदों को समर्पित रहेगा सम्पूर्ण अभियान..**

**अगस्त से दिसंबर तक आयोजित होंगे चरणबद्ध रक्तदान शिविर..**





**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले में जरूरतमंद मरीजों को समय पर सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने तथा स्वैच्छिक रक्तदान को जनभागीदारी का अभियान बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं (एनजीओ), युवा संगठनों एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में रक्त की उपलब्धता को सुदृढ़ बनाने, नियमित रक्तदान शिविरों के आयोजन, जनजागरूकता बढ़ाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को इस सेवा अभियान से जोड़ने के लिए व्यापक कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और समय पर उपलब्ध रक्त किसी भी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवनदान साबित हो सकता है।

उन्होंने कहा कि सिकल सेल एवं थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों, गर्भवती महिलाओं, सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों, गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों तथा अन्य जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना प्रशासन और समाज की साझा जिम्मेदारी है। इसके लिए प्रशासन सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर एक मजबूत और स्थायी व्यवस्था विकसित करेगा। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। यदि प्रत्येक स्वस्थ नागरिक वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान करने का संकल्प ले, तो जिले में रक्त की कमी की समस्या को काफी हद तक समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं युवाओं से इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया।

बैठक में रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले संगठनों को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही जिले के नियमित एवं इच्छुक रक्तदाताओं की एक विस्तृत डायरेक्टरी तैयार की जाएगी, जिसमें रक्त समूह एवं संपर्क संबंधी जानकारी उपलब्ध रहेगी। इससे आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंदों को तत्काल रक्त उपलब्ध कराने में आसानी होगी।

युवाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिलेभर में विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में ब्लड डोनेशन ब्रांड एंबेसडर बनाए जाएंगे, जो अपने संस्थानों में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने और युवाओं को इस पुनीत कार्य से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

बैठक में यह भी तय किया गया कि जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ, स्मृति दिवस एवं अन्य सामाजिक आयोजनों को रक्तदान से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों और गलत धारणाओं को दूर करने के लिए व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी, जिससे अधिक से अधिक लोग स्वेच्छा से रक्तदान के लिए आगे आएं।

बैठक में सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को अभियान की कोर टीम में शामिल करने पर सहमति बनी। यह टीम अगस्त से दिसंबर तक जिलेभर में चरणबद्ध तरीके से रक्तदान शिविरों का विस्तृत कैलेंडर तैयार करेगी और विभिन्न विकासखंडों, शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों तथा सार्वजनिक स्थलों पर नियमित शिविर आयोजित करेगी, ताकि पूरे वर्ष जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गया कि संपूर्ण स्वैच्छिक रक्तदान अभियान देश के अमर शहीदों को समर्पित रहेगा। प्रत्येक रक्तदान शिविर में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवाओं और आमजन को राष्ट्रसेवा एवं मानव सेवा के इस महाअभियान से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। अभियान का मूल संदेश होगा कि 'रक्तदान - मानवता की सेवा, शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि।'

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियंका वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं अन्य प्रतिनिधियों ने सहभागिता करते हुए अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

## कल से बस बंद का निर्णय होगा आज..

# प्राइवेट बस संचालकों को हाई कमान के आदेश की प्रतीक्षा..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***प्रदेश बस आपरेटर संघ भोपाल के द्वारा प्रदेश सरकार के समक्ष अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से ज्ञापन सोपा गया है तथा ज्ञापन में कहा गया है कि अगर उनकी मांगे नहीं*** मांनी गई तो पूरे प्रदेश में बस परिवहन अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा इस बात को लेकर प्रदेश बस संगठन द्वारा प्रदेश के परिवहन मंत्री एवं संबंधित विभाग के सचिव के बीच बैठक होना है अगर 7 अगस्त तक इस संबंध में संतोषजनक निर्णय न आने पर 8 अगस्त को बसों के पहिए अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

इसी बात को लेकर जिला बस एसोसिएशन के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी सदस्यों को एवं बस ऑपरेटरों को इस बात के लिए कहा गया है कि 7 अगस्त को अगर उनकी मांग नहीं मानी जाती है तो सभी बस ऑपरेटर अपनी अपनी बसों को विभिन्न मार्गों पर ना चलाएं इस दौरान यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए उन्होंने क्षमता भी मांगी है।

बैठक में बताया गया कि आज से 25 वर्ष पूर्व जब मध्य प्रदेश राज्य परिवहन निगम बंद हुआ था इस दौरान प्राइवेट बस संचालकों को निवेदन के साथ बुलाया गया था कि वे विभिन्न मार्गों पर अनुबंध कर अपनी बसों को संचालित करें शासन की इच्छा के अनुरूप सभी बस संचालको ने अपनी बसों को बिना स्वार्थ के बसें संचालित करना प्रारंभ कर दिया था लेकिन आज इन बस संचालकों की बस बंद करने एवं उद्योगपतियों को नई बस चालू करने के लिए किए जा रहे षड्यंत्र को लेकर सभी बस संचालकों में आक्रोश है अगर यही स्थिति रही तो जिले में व्रहत रूप से आंदोलन किया जावेगा।

बस संचालकों का यह भी कहना है कि उनकी आठ मांगों में से किराया बढाय जाने की मांग को सरकार ने स्वीकृत करते हुए राजपत्र में स्थान दिया है लेकिन उनका मानना है कि अन्य मांगे भी पूरा करना बस संचालकों के हित में होगा इस बात को लेकर 7 अगस्त को बैठक की उपरांत जो नतीजे आएंगे उसके आधार पर आगे कार्रवाई की जावेगी इस बैठक में जिला प्राइवेट बस एसोसिएशन के अध्यक्ष तेज वली सिंह, पुष्पेंद्र सिंह रामान सिंह सनोदिया, चंद्रभान सिंहमोरे ठाकुर, मोरेश डेहरिया, पवन दिवाकर, इतियाज खान, जैन, कलीम खान, मनीष ठाकुर, सुभाष गंगवानी, मोहम्मद इब्राहिम, संजय नागपुर, नितेश साहू, हजेला खान आदि उपस्थित रहे।

# किशोर कुमार की याद में सजी सुमधुर शाम, किशोर नाइट में सदाबहार नगमे..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

***सुरों के बेताज बादशाह, हरफनमौला गायक और अभिनेता स्व. किशोर कुमार की याद में 4 अगस्त को लूघरवाड़ा के एमएम अग्रोहा लान में*** किशोर नाइट का संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ किशोर दा के छायाचित्र पर माल्यार्पण व उनके समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतुल चंद मालू रहे। कार्यक्रम संयोजक व एंकर गोविंद अग्रवाल ने अपनी मधुर आवाज से समां बांधा। झुमरू, चला जाता हूं, ओ मेरी शर्मीली, जीवन से भरी तेरी आंखें, ये क्या हुआ, ओ मांझी रे और पल भर के लिए जैसे एकल गीतों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। साथ ही सिंगर कृति बरले के साथ तेरे चेहरे से, गाता रहे मेरा दिल, काटे नहीं कटते और निवेदिता नाग के साथ छोड़ दो आंचल व भीगी भीगी रातों में जैसे युगल गीतों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गोविंद अग्रवाल ने आके सीधी लगी गीत को मेल और फीमेल दोनों आवाजों में गाकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

शहर के जाने-माने गायक पराग कटरे ने भी अपने एकल गीतों कोई लौटा दे मेरे, जिधर देखूं तेरी तस्वीर, रोते हुए आते हैं सब और रिमझिम गिरे सावन से महफिल लूट ली। इसके अलावा उन्होंने कृति के साथ सागर किनारे व देखा एक ख्वाब और निवेदिता के साथ कह दु तुम्हे गाकर दर्शकों का मनमोह लिया। कार्यक्रम में डांस दीवाने फेम शौर्या जैन की विशेष प्रस्तुति रही, जिन्होंने किशोर दा के गीतों पर अपने जबरदस्त डांस से भारी धूम मचाई। बेहतरीन साउंड, आकर्षक लाइटिंग, एलईडी स्क्रीन के संयोजन ने संगीतप्रेमियों का ध्यान खींचा। देर रात तक शहर के संगीत प्रेमी, प्रबुद्ध नागरिक व कलाकारों ने संगीत का लुत्फ उठाया। एंकर गोविंद अग्रवाल ने कार्यक्रम के दौरान किशोर दा के जीवन और उनसे जुड़े कई रोचक किस्सों व जानकारियों को बेहतरीन अंदाज में प्रस्तुत किया। इस खास मौके पर किशोर दा के कला जगत में दिए गए अमूल्य योगदान को याद करते हुए भारत सरकार से उन्हें मरणोपरांत 'भारत रत्न' से सम्मानित करने की मांग भी उठाई गई। मंच के सभी कलाकारों के साथ श्रद्धा साहू, माही सैंडे, हनी गुप्ता, नायडू, सल्लू अग्रवाल, नवीन नामदेव व नितिन बर्वे का भी सम्मान आयोजकों ने किया।

# आज से कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षो का 2 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत दिनांक 7 एवं 8 अगस्त 2026 को जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा जिले के ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष एवं मंडलम कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षो का 2 दिवसीय प्रशिक्षण*** शिविर एमएम अग्रोहा लॉन लूघरवाड़ा सिवनी में आयोजित किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन 7 अगस्त 2026 शुक्रवार को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं म.प्र.विधानसभा नेताप्रति पक्ष उमंग सिंघार का सिवनी आगमन हो रहा है जो कि प्रशिक्षार्थियों को सम्बोधित करेंगे। प्रशिक्षण में उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण देने के लिए महेन्द्र जोशी उपाध्यक्ष एवं प्रशिक्षण प्रभारी म.प्र. कांग्रेस कमेटी इस 2 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को प्रशिक्षण देने के लिए सिवनी में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर म.प्र. कांग्रेस संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले, जिला प्रभारी सोहन वाल्मीक तथा विधान प्रभारी सहित जिले के अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता गण उपस्थित रहेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता जेपीएस तिवारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा प्रशिक्षण शिविर की व्यवस्थाओं को चाकचैबंद के लिए जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने समिति के सभी प्रभारियों से अपील की है कि अपनी निर्धारित जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाए।

सिवनी में जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद 7898530101

# 9 अगस्त को कलारबाकी में धूमधाम से मनाया जाएगा विश्व आदिवासी दिवस



**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।**

***विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को ग्राम कलारबाकी में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में 10,000 से भी अधिक श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की उपस्थिति रहने की संभावना है।***

कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए बंडोल थाना प्रभारी मनोज जंगेला ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। उन्होंने आयोजकों से कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा की जानकारी ली और रैली के निर्धारित मार्ग का बारीकी से निरीक्षण किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ होगी। इसके पश्चात रैली का आयोजन किया जाएगा.

पूजा के बाद रैली कलारबाकी वेयरहाउस से शुरू होकर बस्ती मार्ग से होते हुए मुख्य बस स्टैंड पहुंचेगी। बस स्टैंड से वापस लौटकर रैली पुनः मुख्य कार्यक्रम स्थल पर समाप्त होगी। रैली के समापन के बाद भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसके उपरांत विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# कान्हीवाड़ा बस स्टैंड से बस्ती मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की कमी से बढ़ी चिंता

**ग्रामीणों ने की एलईडी लाइट लगाने की मांग..**

**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।**

***कान्हीवाड़ा बस स्टैंड से बस्ती की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर लंबे समय से पर्याप्त स्ट्रीट लाइट नहीं होने के कारण स्थानीय नागरिकों को रात के समय भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।***

अंधेरे के कारण राहगीरों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने से रात में रास्ता स्पष्ट दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। वहीं आवारा कुत्तों के झुंड भी राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इस मार्ग पर मर्करी अथवा आधुनिक **LED** स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएं तो आवागमन सुरक्षित होने के साथ-साथ क्षेत्र का सौंदर्य भी बढ़ेगा। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत की सरपंच लता गोस्वामी से मांग की है कि कार्यकाल की समाप्ति से पहले इस महत्वपूर्ण समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए। उनका कहना है कि मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा बेहतर होगी तथा गांव का समग्र विकास भी दिखाई देगा। ग्रामीणों ने पंचायत से इस मांग पर शीघ्र कार्रवाई कर क्षेत्र को सुरक्षित, रोशन और सुविधाजनक बनाने की अपील की है।

# अवैध सागौन परिवहन पर वन विभाग ने की कार्रवाई

**वाहन सहित 3 नग सागौन लट्ठे किए जब्त..**

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***दक्षिण सिवनी सामान्य वनमंडल के वन परिक्षेत्र केवलारी अंतर्गत वन विभाग ने अवैध सागौन परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक कार से 3 नग सागौन प्रजाति के लट्ठे जब्त किए हैं।***

वनमंडलाधिकारी गौरव कुमार मिश्र एवं उपवनमंडल अधिकारी डॉ. आर.के. गुरूदेव के मार्गदर्शन में वन अमले ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर 05 अगस्त 2026 की रात्रि लगभग 9:15 बजे ग्राम बहनाटोला क्षेत्र में सफेद रंग की एल्डो कार क्रमांक **MP 04 CJ 6525** का पीछा कर उसे पकड़ा। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 3 नग सागौन प्रजाति के लट्ठे पाए गए।

मौके पर वाहन चालक शेख शाहिद, निवासी ग्राम बहनाटोला, से काष्ठ परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया, लेकिन कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया जा सका।

इस पर वन विभाग द्वारा वन अपराध प्रकरण क्रमांक 35693/08, दिनांक 05 अगस्त 2026 पंजीबद्ध कर वाहन एवं अवैध सागौन काष्ठ जब्त कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। उक्त कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी केवलारी (सामान्य) गौरव वानखेड़े, श्रीमती सरोज उइके, कमलेश सोलंकी, रवि कुमार, राजेश राहंगडाले, आनंद चमन, शैलेन्द्र कुमार जावरे तथा अन्य सुरक्षा श्रमिकों का सराहनीय सहयोग रहा।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रेंज के साथ..
प्रो. पियुष सिंह बैस
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इरींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर..
मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी, लालबर्रा, बैहर, मलाजखंड, परसवाड़ा..
रामपायली, खैरलांजी, तिरोड़ी, महकेपार, उकवा, गढ़ी, बिरसा, कनकी, बेहरई..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## खमरिया की खुशबू डहरवाल की हत्या के आरोपियों को फांसी दो..

# प्रगतिशील कलार समाज ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के नाम थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन..

कैलाश कसार, जगप्रेरणा वारासिवनी।

***बुधवार सुबह लगभग 9:30 बजे ग्रामीणों ने आलेझरी की ओर से आती बड़ी नहर में एक युवती का शव बहते देखा था। ग्रामीणों की मदद से शव को डोंगरगांव की पुलिया के पास बाहर निकाला गया।***







सूचना मिलते ही पुलिस बल एवं बालाघाट से बुलाई गई एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव को शासकीय अस्पताल वारासिवनी पहुंचाया। मृतिका की पहचान ग्राम खमरिया निवासी खुशबू (24 वर्ष) पिता शंकरलाल डहरवाल के रूप में हुई, जो अपने परिवार के साथ नागपुर में रहती थी और बीते 3 दिनों से गायब थी।

इस घटना के बाद जहां ग्राम खमरिया में तनाव व्याप्त हो गया, तथा ग्रामीणों ने चकाजाम प्रदर्शन कर मृतिका की हत्या मामले में जांच एवं कार्यवाही की मांग की, वहीं वारासिवनी में प्रगतिशील कलार समाज द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के नाम थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर मृतिका खुशबू डहरवाल की निर्मम हत्या के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने एवं फांसी की सजा दिलाने की पुरजोर मांग की गई।

### कलार समाज ने एकजुट होकर किया आक्रोश व्यक्त..

गौरतलब है कि आज 06 अगस्त दिन गुरुवार को दोपहर 3:30 बजे प्रगतिशील कलार समाज के जिला संरक्षक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के कार्यालय में समाज के लोग इकट्ठे हुए। इसके बाद सभी सामाजिक बंधु नारेबाजी करते हुए वारासिवनी थाने पहुंचे और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर प्रगतिशील कलार समाज के अध्यक्ष सुनील पिपरेवार ने कहा कि खमरिया निवासी शंकरलाल डहरवाल की सुपुत्री जो नागपुर में निवास करती थी और कुछ दिनों से लापता थी।

शव का पोस्टमार्टम होने और गला रेतकर हत्या किए जाने के तरीके से साफ जाहिर होता है कि यह हत्या का प्रकरण है, न कि आत्महत्या का।

हम पुलिस प्रशासन को ज्ञापन देने आए हैं ताकि इसकी इन्वेस्टिगेशन बहुत सूक्ष्म तरीके से हो और केस कमजोर न पड़े। अगर साक्ष्य मजबूत होंगे तो आरोपी को कड़ी सजा मिलेगी। हमारी मांग है कि ऐसे दरिंदे को फांसी की सजा मिलनी चाहिए ताकि समाज में एक अच्छा संदेश जाए।

### बोले सुनील जायसवाल..

कलार समाज के संरक्षक सुनील जायसवाल ने कहा कि आज पूरे कलार समाज एवं बालाघाट जिला स्तरीय कलार समाज के द्वारा थाने में ज्ञापन दिया गया है। हमारी प्रशासन से यही मांग है कि पुलिस साक्ष्यों के साथ एक मजबूत केस बनाए, जिसके तहत आरोपी को किसी भी प्रकार की राहत न मिल सके और उसे कड़े से कड़ा दंड मिले।

### बोली महिला अध्यक्ष श्रीति पालेवार..

ज्ञापन सौंपने के दौरान महिला अध्यक्ष श्रीति पालेवार ने कहा कि मैं यही कहना चाहती हूँ कि महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, जो खुशबू के साथ हुआ है, वैसा किसी और के साथ न हो। उसे जल्द से जल्द न्याय मिले और दोषी को कड़ी से कड़ी सजा मिले। हम दोषी को फांसी की सजा दिलाने की मांग करते हैं।

### यह रहे उपस्थित..

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रुप से सुनील पिपरेवार अध्यक्ष, कलार समाज, सुनील जायसवाल संरक्षक, श्रीमती श्रीति पालेवार अध्यक्ष महिला समिति, कुलदीप डहरवाल युवा अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष, लकेश रामपुरे सचिव, उम्मेद पालेवार कोषाध्यक्ष, जितेश बमनोटे वित्तीय सलाहकार, रिंकू चापूरकर आईटी प्रभारी, शिवाजी बविस्ताले, नरेंद्र धुवारे, एस के दहीकर, सुरेश धुवारे, श्री अशोक शिवने, अखिलेश, उम्मेद पालेवार, लकेश रामपुरा, डी सी डहरवाल, किशोरीलाल डहरवाल, जितेन्द्र नगरगड़े, दशरथ डहरवाल, ढब्बू डोहरे, नोहर सिंह डोहरे, प्रतीक जायसवाल, पार्षद मधु जायसवाल, मनीषा पिपरेवार, कायदी सरपंच रेखा नगरगढ़े, मोनिका सोनेकर, विजेता सोनेकर, डॉली भोरगड़े, सुजाता डहरवाल, अमित हिरवाने सहित बड़ी संख्या में कलार समाज के सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# वारासिवनी तहसील कार्यालय में पटवारियों का टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी

### वारासिवनी व खैरलांजी के पटवारी हड़ताल में शामिल; पदोन्नति और कैडर रिव्यू की मांग पर अड़े




जगप्रेरणा वारासिवनी।

***मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर वारासिवनी एवं खैरलांजी तहसील के पटवारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गत 3 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। वारासिवनी तहसील कार्यालय परिसर में टेंट लगाकर धरने पर बैठे पटवारियों का प्रदर्शन लगातार जारी है।***

हड़ताल के चलते शासकीय एवं राजस्व संबंधी कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं, जिससे नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा और विभिन्न प्रमाणपत्र बनवाने आए आम नागरिकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पटवारियों का कहना है कि वे अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत हैं। हालांकि शासन ने कुछ मांगों को स्वीकार कर उनके आदेश प्रसारित कर दिए हैं, लेकिन सबसे मुख्य मांगों पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। पटवारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी सभी मांगे पूरी नहीं होतीं, तब तक अनिश्चितकालीन आंदोलन व कलमबंद हड़ताल जारी रहेगी।

### सुरेश कुमार डहरवाल (पटवारी) ने बताया कि..

÷हम लोग मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर विगत 3 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। हमारी 5 मुख्य मांगों में से कुछ मांगें सरकार ने पूरी की हैं और उनके आदेश भी प्रसारित कर दिए हैं। लेकिन हमारी दो मुख्य मांगे—पदोन्नति (क्क्शद्धश्लद्धश्ठ) और कैडर रिव्यू (ष्टड्डस्रद्ग ऋद्ग1द्बद्ग2) अभी सरकार ने नहीं मानी हैं। जब तक हमारी यह मांगे पूरी नहीं होतीं, तब तक हमारी अनिश्चितकालीन हड़ताल लगातार जारी रहेगी।÷

### बोले आयुष सिंघल (पटवारी)..

÷सबसे बड़ी समस्या यह है कि पटवारी धरातल (ग्राउंड लेवल) पर अत्यधिक कार्य करता है। विभाग एवं सरकार की सभी योजनाओं को पूर्ण रूप से लागू करने में पटवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। परंतु जब पदोन्नति, ग्रेड-पे या वेतनमान की बात आती है, तो पटवारी के साथ उपेक्षा और सख्त व्यवहार अपनाया जाता है। हाल ही में शासन द्वारा कई विभागों की प्रमोशन लिस्ट निकाली गई, लेकिन उसमें पटवारी की कोई पदोन्नति नहीं है। स्थिति यह है कि पटवारी पद पर नियुक्ति के बाद उसी पद से सेवानिवृत्त होना पड़ता है। हमारी मांग है कि 2100 ग्रेड-पे तथा वेतनमान विसंगतियों को दूर किया जाए और हमारे कार्य की सराहना हो, जिससे पटवारियों का मनोबल बना रहे। इस हड़ताल में वारासिवनी खैरलांजी के पटवारी उपस्थित रहे।






### न्यायालय नायब तहसीलदार गढ़ी तहसील बैहर जिला बालाघाट

**।। ईश्तेहार ।।**

रा. प्र. क. 0150 अ-20 (3) वर्ष 2025-26
मौजा परसामउ, प.ह.न. - 04
राजस्व निरीक्षक मण्डल गढ़ी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा बैहर तहसील बैहर के द्वारा प.ह.न. 04 ग्राम परसामउ रा.नि.मं. गढ़ी तहसील बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 104/1 रकबा 32.503 हे. मद शासकीय गोचर मे से 4.00 एकड़ भूमि ग्राम परसामउ मे कार्यालय भवन एवं गोदाम निर्माण हेतु प्रबंधक बहुउद्देशीय कृषि सहकारी समिति मर्यादित गढ़ी को भूमि आवंटन की मांग की गई है। उपरोक्त खसरा नम्बर की भूमि के संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति विशेष, संस्था को दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह दिनांक 10/08/2026 तक मेरे न्यायालय मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत् समयावधि के पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रकार के दावा एवं आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा ।

आज दिनांक 23/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है ।

तहसीलदार
वृत्त गढ़ी तहसील बैहर

## असम में शहीद हुए सीआरपीएफ जवान विष्णु प्रसाद बघेल को अश्रुपूरित विदाई

# हजारों लोगों ने पुष्पवर्षा कर दी श्रद्धांजलि, 15 वर्षीय बेटे ने दी मुखाग्नि; पत्नी ने शहीद का दर्जा, बच्चों के भविष्य और परिवार की सुरक्षा की उठाई मांग..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***देश की रक्षा करते हुए असम स्थित सीआरपीएफकैंप में शहीद हुए परसवाड़ा क्षेत्र के वीर सपूत विष्णु प्रसाद बघेल गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। तिरंगे में लिपटा उनका पार्थिव शरीर जैसे ही दोपहर करीब 12 बजे परसवाड़ा पहुंचा, पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया।***

हजारों की संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, बच्चे, युवा, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के लोग अपने वीर जवान के अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। हर आंख नम थी और हर जुबान पर एक ही स्वर था—÷भारत माता की जय÷, ÷विष्णु प्रसाद बघेल अमर रहें÷।

बीजाटोला से प्रारंभ हुई अंतिम यात्रा तहसील कार्यालय, पुलिस थाना, बस स्टैंड होते हुए शेरपार रोड स्थित उनके निवास पहुंची। पूरे मार्ग में नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर अपने वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की। भक्ति गीतों की धुन, देशभक्ति के नारों और हजारों लोगों की मौन उपस्थिति ने पूरे वातावरण को भावुक बना दिया।

### घर पहुंचते ही बिखर गया परिवार

जैसे ही पार्थिव शरीर घर पहुंचा, पत्नी सावित्री बघेल, 17 वर्षीय पुत्री माही बघेल, 15 वर्षीय पुत्र काव्य बघेल तथा वृद्ध माता-पिता सीता बघेल और राम बघेल का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पत्नी बार-बार तिरंगे से लिपटे अपने पति को निहार रही थीं, वहीं पुत्र और पुत्री बेसुध होकर बिलख रहे थे। बुजुर्ग माता-पिता की चीख-पुकार सुनकर वहां मौजूद हजारों लोगों की आंखें भर आईं। रिश्तेदार, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी परिजनों को ढांढस बंधाते रहे, लेकिन उस पल का दर्द शब्दों में बयां करना संभव नहीं था।

### दो घंटे तक नहीं उठी अर्थी, परिवार ने रखीं चार बड़ी मांगें

पार्थिव शरीर घर पहुंचने के बाद करीब दो घंटे तक अंतिम संस्कार की प्रक्रिया रुकी रही। इस दौरान सीआरपीएफ अधिकारियों और परिजनों के बीच लंबी चर्चा चली। पत्नी सावित्री बघेल ने भावुक होकर कहा कि उनके पति ने देश की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, इसलिए अब सरकार उनके परिवार की जिम्मेदारी भी उठाए।









उन्होंने अधिकारियों के समक्ष चार प्रमुख मांगें रखीं। पहली, विष्णु प्रसाद बघेल को आधिकारिक रूप से शहीद का दर्जा दिया जाए। दूसरी, पुत्र काव्य बघेल एवं पुत्री माही बघेल की संपूर्ण शिक्षा का खर्च केंद्र सरकार वहन करे तथा शिक्षा पूर्ण होने के बाद दोनों बच्चों को केंद्र सरकार के किसी मंत्रालय अथवा राज्य सरकार में जिला स्तर पर शासकीय सेवा प्रदान की जाए।

तीसरी, वृद्ध माता-पिता की आजीवन चिकित्सा व्यवस्था सरकार अपने जिम्मे ले। परिजनों के अनुसार पिता गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, जबकि माता भी अस्वस्थ हैं। चौथी, पत्नी सावित्री बघेल को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए, ताकि परिवार का भविष्य सुरक्षित रह सके।

इन मांगों का उपस्थित ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने भी समर्थन किया तथा एक स्वर में शहीद जवान को पूर्ण सम्मान दिए जाने की मांग उठाई।

### विधायक ने अधिकारियों से की चर्चा, एसडीएम ने दिया सहयोग का भरोसा

परिजनों की मांगों को लेकर विधायक मधु भगत ने असम स्थित सीआरपीएफके वरिष्ठ अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर परिवार की भावनाओं से अवगत कराया। समाजसेवी रामेश्वर कटरे ने भी दोनों पक्षों के बीच समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया। वहीं एसडीएम श्रीश प्याशी ने परिजनों को आवश्यक पत्राचार एवं शासन स्तर पर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। करीब दो घंटे तक चली चर्चा के बाद सीआरपीएफके वरिष्ठ अधिकारियों ने दूरभाष पर शहीद सम्मान सहित परिवार की मांगों पर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने पूरे रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार के लिए सहमति दी।

### 15 वर्षीय बेटे ने दी मुखाग्नि, गार्ड ऑफऑनर से दी अंतिम सलामी

दोपहर 2.30 बजे के बाद पार्थिव शरीर को शेरपार मोक्षधाम शक्ति घाट ले जाया गया। यहां सीआरपीएफके जवानों ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ गार्ड ऑफऑनर देकर अपने साथी को अंतिम सलामी दी। इसके बाद 15 वर्षीय पुत्र काव्य बघेल ने नम आंखों से अपने पिता को मुखाग्नि दी। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद हजारों लोगों की आंखें नम हो गईं। अंतिम संस्कार से पूर्व दो मिनट का मौन रखकर शहीद की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

### परिजनों ने लगाया सूचना नहीं देने का आरोप

मीडिया से चर्चा में परिजन शिखर बघेल ने आरोप लगाया कि घटना के बाद से लेकर पार्थिव शरीर आने तक सीआरपीएफकी ओर से उन्हें आधिकारिक रूप से शहीद होने की सूचना नहीं दी गई। उन्हें घटना की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिली। उन्होंने सवाल उठाया कि वह कौन सी वजह थी जिसके चलते सीआरपीएफ टीम से हटाए जाने के बाद फायरिंग करने वाले उस विक्षिप्त व्यक्ति को वापस शामिल किया गया, जिससे दो घर उजड़ गए। वहीं पत्नी सावित्री बघेल ने कहा कि सीआरपीएफ अधिकारियों ने उनकी सभी मांगों को सुना और वरिष्ठ अधिकारियों ने दूरभाष पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सीआरपीएफअधिकारियों ने बताया कि असम में हुई घटना की विभागीय जांच जारी है। जांच पूरी होने तक विस्तृत जानकारी साझा नहीं की जा सकती। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ टीम का जवान लगभग 15 दिनों तक परसवाड़ा में रहकर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करेंगे तथा शहीद जवान का समस्त सामान नियमानुसार परिवार को सौंपा जाएगा।

### वरिष्ठ अधिकारियों और प्रभारी मंत्री की अनुपस्थिति बनी चर्चा का विषय

परसवाडा के शहीद विष्णु प्रसाद बघेल के अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों के बीच यह चर्चा का विषय बना रहा कि जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ जिले के प्रभारी मंत्री भी शहीद परिवार का दुःख साझा करने नहीं पहुंचे। लोगों का कहना था कि जिस परिवार के बुजुर्ग माता-पिता ने अपना इकलौता पुत्र देश की रक्षा में खो दिया, ऐसे कठिन समय में शासन और प्रशासन के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की उपस्थिति परिवार के प्रति संवेदना और सम्मान का संदेश देती।

वहीं विधायक मधु भगत ने भी इस मामले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शहीद जवान के निवास पर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शहीद परिवार के दुख की इस घड़ी में प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति उनकी नैतिक जिम्मेदारी थी। उन्होंने शहीद परिवार को हरसंभव सहयोग दिलाने का आश्वासन भी दिया।

### हजारों लोगों ने दी अंतिम विदाई

अंतिम श्रद्धांजलि यात्रा एवं अंतिम संस्कार में विधायक मधु भगत, समाजसेवी रामेश्वर कटरे, लघु वनोपज जिलाध्यक्ष अशोक मंडलेकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे, जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पन्द्रे एवं तामेश्वर पटेल, जनपद अध्यक्ष समलसिंह धुर्वे, जनपद उपाध्यक्ष कांति राहंगडाले, एसडीएम श्रीश प्याशी, तहसीलदार श्री तेकाम, थाना प्रभारी अनुप नामदेव, पुलिस बल, सीआरपीएफके अधिकारी एवं जवान सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, महिलाएं, बच्चे और युवा उपस्थित रहे।

अपने पीछे वृद्ध माता-पिता, पत्नी और दो मासूम बच्चों को छोड़कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले विष्णु प्रसाद बघेल आज पंचतत्व में विलीन हो गए, लेकिन उनका साहस, कर्तव्यनिष्ठा और बलिदान हमेशा लोगों के दिलों में अमर रहेगा। अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़ यह बता रही थी कि परसवाड़ा ने केवल एक जवान नहीं खोया, बल्कि अपना एक बहादुर बेटा खोया है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

5 शुक्रवार 07 अगस्त 2026
जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# रजेगांव में सराफा व्यापारी से सनसनीखेज लूट: घर लौटते समय बदमाशों ने घेरकर किया हमला, सोना-चांदी से भरे बैग लेकर फरार

अमन राउत, जगप्रेरणा रजेगांव (बालाघाट)।



***मध्यप्रदेश - महाराष्ट्र सीमा से लगे ग्राम रजेगांव में बुधवार देर शाम हुई सराफा व्यापारी से लूट की सनसनीखेज वारदात ने पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। बेखौफबदमाशों ने सुनियोजित तरीके से एक प्रतिष्ठित सराफा व्यापारी पर हमला कर***

सोना-चांदी के आभूषणों से भरे बैग लूट लिए और फरार हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार लूटे गए आभूषणों की कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रजेगांव निवासी गेंदलाल करडे, जो नेहरू चौक स्थित सागर ज्वेलर्स के संचालक हैं, बुधवार रात लगभग 8:30 बजे प्रतिदिन की तरह दुकान बंद कर अपने वाहन से सोना-चांदी के आभूषण लेकर घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि घर पहुंचने से कुछ पहले ही रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे पांच से छह बदमाश, जो दोपहिया वाहनों से आए थे, ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया।



प्रत्यक्षदर्शियों एवं प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बदमाशों ने व्यापारी पर डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में व्यापारी घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद बदमाशों और व्यापारी के बीच बैग को लेकर काफी देर तक छीना-झपटी हुई। अंततः आरोपी सोना-चांदी के आभूषणों से भरे बैग लूटकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गए। घायल व्यापारी को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष टीमों का गठन किया गया है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज, संदिग्ध वाहनों की गतिविधियों तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। सीमावर्ती क्षेत्रों में भी पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी गई है।

इस दुस्साहसिक वारदात ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बदमाशों को व्यापारी के आने-जाने के समय और उनके पास मौजूद कीमती आभूषणों की जानकारी कैसे मिली? क्या वारदात पूरी तरह पूर्व नियोजित थी या इसमें किसी स्थानीय व्यक्ति की भूमिका भी हो सकती है? इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।

रजेगांव जैसे सीमावर्ती क्षेत्र में हुई इस बड़ी लूट के बाद व्यापारियों और आम नागरिकों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने तथा व्यापारियों की सुरक्षा के लिए प्रभावी एवं स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच में जुटी हुई है। अब पूरे जिले की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि पुलिस इस सनसनीखेज लूटकांड का कितनी जल्द खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर कानून के कठघरे तक पहुंचा पाती है।

# करोड़ो की लागत से बनी कान्द्रीघाट - कट्टीपार कला मार्ग जर्जर, घंटिया निर्माण से शासकीय राशि का दुरुपयोग..

### जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल






जगप्रेरणा लांजी।

***शासकीय धन के दुरूपयोग में कोई भी विभाग पीछे नही है। घटिया निर्माण कराकर शासकीय राशि के दुरूपयोग का मामला आये दिन उजागर होते रहते है। इसी तरह का सडक निर्माण हुआ है लांजी क्षेत्र में जो गारंटी पीरियड में ही जर्जर हो गई और आवागमन करने लायक नही बचा।***

जानकारी अनुसार कांद्रीघाट से कट्टीपार एवं कट्टीपार कला तक सडक का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक परियोजना क्रमांक-1 बालाघाट द्वारा कराया गया है। जिसकी लागत करोडो में है। प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत कि.मी. 45 आफ टी 02 से कट्टीपारकला लंबाई 8.50 कि.मी., जिसकी लागत 419.98 लाख रूपये है। का निर्माण वर्ष 2023 में प्रारंभ कराया गया था जो कि विभाग ने मार्च 2026 में कार्य पूर्ण होने के पूर्व ही पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर दिया। पैकेज क्रमांक 01-812 के तहत निर्मित इस सडक का निर्माण कार्य 17.01.2023 को प्रारंभ किया गया। मेसर्स रायसिंग एण्ड कंपनी बालाघाट द्वारा निर्मित्त किये गये इस मार्ग के चितडे उड गये है। ठेकेदार द्वारा मार्ग पूर्ण होने के उपरांत मार्ग की 5 साल की गारंटी भी दी गई है। परंतु विभागीय अधिकारियों की मिली भगत के कारण अत्यंत गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य कराया गया और बनने के साथ ही सड़क ने दम तोड़ दी। इसी तरह प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत कांद्रीकला से कट्टीपार सडक का निर्माण कराया गया है। जिसकी लंबाई 9.70 कि.मी. है। इस मार्ग निर्माण की लागत 454.42 लाख रूपये है और इस मार्ग को पैकेज क्रमांक एमपी01-812 के तहत कराया गया है इस कार्य की भी निर्माण एजेंसी रायसिंग एण्ड कंपनी है। प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत म.प्र.सडक विकास प्राधिकरण क्रियान्वयन ईकाई-01 बालाघाट के माध्यम से निर्मित्त इस मार्ग की हालत अत्यंत जर्जर है। जबकि यह मार्ग भी गारंटी पीरियड में है। ठेकेदार द्वारा पांच वर्ष की गारंटी दी गई है जिसकी अवधि 2031 में पूर्ण होगी।

### अधिकारियों व ठेकेदार की मिली भगत में बनी घटिया सड़क

प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत निर्मित्त दोनो मार्ग में अत्यंत गुणवत्ताहीन सामग्री का प्रयोग किया गया है। जिसका परिणाम यह रहा कि पहली ही बारिश में सड़क जगह जगह से बह गई एवं पूरी तरह जर्जर हालत में पहुंच गई। दोनो मार्गो की लागत लगभग 8 करोड चौहत्तर लाख रूपये की है। क्रियान्वयन ईकाई क्रमांक-01 के अधिकारियों एवं ठेकेदार की मिली भगत के कारण सडक निर्माण में भारी अनियमितता की गई और विभागीय अधिकारियों ने निर्माण की गुणवत्ता का परीक्षण ही नही किया। यही नही परियोजना क्रियान्वयन इकाई 01 द्वारा इस क्षेत्र में कराये गये सडक निर्माण में इसी तरह की धांधली बरती गई है।

### निर्माण के समय निरीक्षण होता तो गुणवत्तापूर्ण बनती सडक

जिस समय इन दोनो मार्गो का निर्माण हो रहा था उस समय अगर इस मार्ग का अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाता तो संभवतः निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो सकता था परंतु अधिकारियों ने ठकेदार को संरक्षण दिया और घटिया सडक निर्माण पर किसी तरह का एक्शन नही लिया। प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत निर्मित्त इस मार्ग निर्माण में सर्वाधिक लापरवाही संबंधित विभाग के अधिकारियों की है। जिन्होने इस ओर ध्यान ही नही दिया।

### सी.सी.जारी होने के बाद भी निर्मित्त होते रही सड़क

इन दोनों मार्ग के निर्माण में हद दर्जे की लापरवाही विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई है। सूत्रो के मुताबिक इन दोनो मार्गो के निर्माण की सीसी( पूर्णता प्रमाण पत्र) सडक निर्माण पूर्ण होने के पहले ही जारी कर दिया गया। जबकि उस समय निर्माण कार्य प्रारंभ ही था। ग्रामीणों ने बताया कि अभी 1-2 महीना पूर्व भी इस मार्ग में निर्माण कार्य चल रहा था, जबकि हमारे सूत्रो ने जो जानकारी दी है उसके मुताबिक निर्माण कार्य का सी.सी. मार्च महीने में ही विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

### नवागत कलेक्टर से कार्यवाही की अपेक्षा

हाल ही में जिले की कमान संभालने वाले नवागत कलेक्टर कुमार सत्यम से इस मार्ग निर्माण की जांच कर दोषियो के विरूद्ध कार्यवाही की अपेक्षा ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के समय भी संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार का ध्यान इस ओर आर्कषित किया गया था परंतु उन्होने इस ओर ध्यान ही नही दिया। परिणाम यह हुआ कि करोड़ो की लागत से निर्मित्त यह दोनो मार्ग बनने के साथ ही जर्जर हो गए और आवागमन करने लायक नही रहे। जिसके लिये संबंधित विभाग के अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही होनी चाहिए।

# बारिश के बीच कुल्पा में पेयजल व्यवस्था लड़खड़ाई, स्कूली बच्चे भी पानी को तरसे








जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी विकासखंड की ग्राम पंचायत कुलपा में पेयजल व्यवस्था बदहाल होने से शासकीय स्कूलों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।***

एक ही परिसर में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला और शासकीय हाई स्कूल में करीब 600 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन यहां मूलभूत सुविधा पानी का गंभीर संकट बना हुआ है।

स्कूल परिसर में कुल चार शासकीय हैंडपंप लगे हैं। इनमें से दो हैंडपंपों पर मोटर लगाकर पानी की टंकियों में भरकर टॉयलेट, बाथरूम, पीने के पानी और मध्यान्ह भोजन के लिए उपयोग किया जाता है। जबकि शेष दो हैंडपंप करीब डेढ़ माह से बंद पड़े हैं। ऐसे में बारिश के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित होते ही मोटर बंद हो जाती है और पूरे स्कूल की जल व्यवस्था ठप पड़ जाती है। स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि विद्यार्थियों को टॉयलेट और बाथरूम के लिए स्कूल परिसर से बाहर जाना पड़ता है, वहीं कई बच्चे घर से पानी की बोतल लाने को मजबूर हैं। मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए भी रसोइयों को बाहर से बाल्टियों में पानी मंगवाना पड़ता है, जिससे बच्चों और कर्मचारियों दोनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। केवल स्कूल ही नहीं, बल्कि पूरे ग्राम पंचायत क्षेत्र में पेयजल संकट गहराया हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि विभिन्न वार्डों में लगे कई शासकीय हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हैं, जबकि कुछ हैंडपंपों पर लोगों ने मोटर लगाकर निजी उपयोग शुरू कर दिया है। कहीं मकान निर्माण जैसे कार्यों में भी इनका इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे अन्य ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पाता। बिजली बंद होने या नल-जल योजना के मोटर खराब होने की स्थिति में गांव के सामने पेयजल का गंभीर संकट खड़ा हो जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या पर जनप्रतिनिधि और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग दोनों ही उदासीन बने हुए हैं। कई बार शिकायत के बावजूद खराब हैंडपंपों की मरम्मत नहीं कराई गई है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सभी बंद पड़े हैंडपंपों को तत्काल चालू कराया जाए, ताकि स्कूल और गांव की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

### क्या कहते हैं प्राचार्य..



निजाम सिंह देहारी, प्राचार्य, शासकीय हाई स्कूल कुलपा ने बताया कि, 'हमारे स्कूल परिसर में चार हैंडपंप हैं, जिनमें से दो करीब डेढ़ माह से बंद पड़े हैं। दो हैंडपंपों में मोटर लगाकर टंकी और नलों के माध्यम से बच्चों के टॉयलेट, बाथरूम, पीने के पानी और मध्यान्ह भोजन के लिए पानी उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन बिजली नहीं रहने पर पूरी व्यवस्था ठप हो जाती है। ऐसी स्थिति में बच्चों को मजबूरी में बाहर जाना पड़ता है और मध्यान्ह भोजन के लिए बाहर से पानी मंगवाना पड़ता है। इस संबंध में ग्राम पंचायत कुलपा के सरपंच को पूर्व में लिखित सूचना भी दी जा चुकी है।'

# नगर की यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने,स्वच्छता अभियान को लेकर विधायक कर्राहे के साथ हुई बैठक..

### व्यापारी संघ, नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारियों ने दिए सुझाव



जगप्रेरणा लांजी।

नगर परिषद लांजी द्वारा नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की तैयारी के तहत नाप-जोख का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय व्यापारियों में भी चर्चा का माहौल है। इसी संबंध में व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे से उनके निवास कार्यालय पंहुच कर मुलाकात की तथा व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों से अवगत कराया। बैठक मे व्यापारी संघ अध्यक्ष गौरीशंकर सातपुते, संघ के पदाधिकारी, व्यापारी गण, लांजी, सीएमओ मयूर वाहने, उपयंत्री अमित नगपुरे, सहित कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में नगर परिषद के अतिक्रमण को लेकर जारी नोटिस के संबन्ध तथा नगर की यातायात व्यवस्था, आमजन की सुविधा तथा व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए विस्तृत चर्चा हुई। नगर परिषद लांजी के द्वारा कहा गया कि नगर बेतरतीब ढंग से अतिक्रमण फैला हुआ है जिससे परेशानी बढ़ने लगी है. यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है खरीदी करने आए ग्राहको को वाहन खड़े करने जगह नहीं रहती, जिसको लेकर अब कार्यवाही किया जाना अनिवार्य हो चुका है जिससे नगर की व्यवस्था मे सुधार लाया जा सके. अनेकों दुकानों के सामने आवश्यकता से कई अधिक अतिक्रमण किया गया है

जो कि परेशानी का कारण बन चुकी है इस पर विधायक श्री कर्राहे ने सुझाव दिया कि दुकान के सामने 5 फिट तक टीन शेड लगया जाए वो भी ऊपर, जमीन मे किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होना चाइये चर्चा के दौरान इस बात पर सहमति बनी कि दुकानों के सामने अधिकतम 5 फीट तक टीन शेड लगाने की अनुमति रहेगी।

बैठक में यह भी कहा गया कि निर्धारित सीमा का पालन करते हुए नगर को व्यवस्थित एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए सभी पक्ष सहयोग करेंगे। नगर परिषद द्वारा नाप-जोख का कार्य जारी है और आगामी दिनों में नियमानुसार आगे की कार्रवाई किए जाने की संभावना है।

### गुरुग्राम में पारिवारिक विवाद के कारण 25 वर्षीय युवक की हत्या

गुरुग्राम, (भाषा)।

***शहर के करौला गांव में पुराने पारिवारिक विवाद के चलते 25 वर्षीय युवक की कथित तौर पर गोली मारकर और धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान करौला गांव निवासी सागर (25) के रूप में हुई है।***

सागर के परिवार का गांव के मच्छेंद्र पहलवान नामक व्यक्ति के परिवार से लंबे समय से विवाद जारी था।

दो दिन पहले दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। सागर उस समय बेंगलुरु में था। विवाद की जानकारी मिलने पर वह बृहस्पतिवार को गांव लौट आया।

पुलिस ने बताया कि शाम करीब पांच बजे मच्छेंद्र पहलवान से जुड़े कुछ युवकों ने कथित तौर पर सागर और उसके परिजनों पर आग्नेयास्त्रों तथा 'फरसा' सहित धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

हमले में गंभीर रूप से घायल सागर को पटौदी के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

# भारतीय जनता पार्टी मंडल गढ़ी की मासिक बैठक संपन्न..



अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।

***आज दिनांक 06/08/2026दिन गुरुवार को श्रीमती कांता ठाकरे जी के निवास पर आयोजित की गई। इस मासिक बैठक में मंडल में होने वाली गतिविधियों के बारे में मंडल अध्यक्ष सुश्री सोनाली कुशराम जी के द्वारा बताया गया। और संगठनात्मक चर्चा की गई।***

तथा बैठक में हर वो बिंदुओं पर चर्चा की गई। जैसे मोदी जी की ÷मन की बात÷और शासन की उन सभी योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। जो केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा जनता की हित में चलाई जा रही है।

### उपस्थित जनप्रतिनिधि और सदस्य गण

इस पूरे कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं सदस्य सुश्री सोनाली कुशराम (मंडल अध्यक्ष) खेमराज भारद्वाज (मंडल उपाध्यक्ष) टेकलाल धानेश्वर (मंडल महामंत्री) अजय रजक (मंडल मीडिया प्रभारी) राजेश कुडवाड़िया (युवा मोर्चा अध्यक्ष) सदस्य श्रीमती कांता ठाकरे, अंतराम परते, मंगल यादव, आदित्य मिश्रा, गुमान सिंह मेरावी, राजकुमार सोनी, अजय कुलदीप, और अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ग्रामीण अंचल में व्यायाम शाला स्थापना की मांग..

### 'ग्रामीण क्षेत्रों में व्यायामशालाएं बनें नशामुक्त युवा शक्ति की नई पहचान: नरेंद्र सिंह चौहान'



जगप्रेरणा रामपायली।

जय बजरंग व्यायामशाला के संस्थापक ठाकुर नरेंद्र सिंह चौहान ने ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को नशे से बचाने के लिए प्रत्येक गांव में आधुनिक जिम एवं व्यायामशालाओं की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया है।

उन्होंने कहा कि यदि शासन-प्रशासन ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य, शारीरिक क्षमता और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के लिए व्यायामशालाओं की स्थापना की दिशा में ठोस पहल करे, तो किशोर एवं युवा वर्ग नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित होगा। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम और खेल संस्कृति युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास तथा स्वस्थ जीवनशैली का विकास करती है। इससे न केवल उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि समाज में बढ़ती नशाखोरी पर भी प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। ठाकुर नरेंद्र सिंह चौहान ने प्रदेश सरकार के नशामुक्ति अभियान का स्वागत करते हुए कहा कि यदि इस अभियान के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में व्यायामशालाओं का विस्तार किया जाए, तो यह युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरगामी कदम सिद्ध होगा।







# पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड टीम में लॉरेंस, कार्स, पोप और कुक को वापसी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की आगामी श्रृंखला के पहले मुकाबले के लिए डैन लॉरेंस को दो साल बाद टीम में वापसी का मौका दिया है जबकि जैकब बेथेल दाहिने घुटने की चोट के कारण पूरी श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। बेन स्टोक्स के संन्यास लेने के बाद के दौर की शुरुआत 19 अगस्त से लीड्स में होगी और सरे के बल्लेबाजी ऑलराउंडर लॉरेंस को पूर्व टेस्ट कप्तान की जगह लेने की बड़ी जिम्मेदारी संभालने का पहला मौका मिलेगा।***



लॉरेंस के छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने की संभावना है जबकि विकेटकीपर जेमी स्मिथ उनसे एक स्थान नीचे उतर सकते हैं। बेथेल की अनुपस्थिति ने जोर्डन कॉक्स के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का रास्ता खोल दिया है।

कॉक्स भी चोट के कारण जून में ही न्यूजीलैंड के खिलाफद ओवल में टेस्ट पदार्पण कर पाए थे जहां उन्हें सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करनी पड़ी थी। तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स दाहिने हाथ की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ 1-2 से गंवाई श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उन्हें इंग्लैंड की 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। टेस्ट कप्तान के रूप में जो रूट की वापसी हुई है जबकि नव नियुक्त कोच स्टीफन फ्लेमिंग की अनुपस्थिति में अंतरिम कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक टीम चयन में शामिल रहे।

पूर्व उपकप्तान ओली पोप की भी टीम में वापसी हुई है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में एशेज श्रृंखला के दौरान टीम से बाहर कर दिया गया था जहां उन्होंने 20.83 की औसत से रन बनाए थे। तेज गेंदबाज सैम कुक को भी टीम में शामिल किया गया है जिन्होंने मई 2025 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना एकमात्र टेस्ट खेला था।

ऑफस्पिनर शोएब बशीर को टीम में बरकरार रखा गया है। हालांकि यह देखना होगा कि वह अंतिम एकादश में जगह बना पाते हैं या नहीं क्योंकि ऑफस्पिन गेंदबाजी करने वाले लॉरेंस का खेलना तय माना जा रहा है।

लॉरेंस सितंबर 2024 में अपने 14वें टेस्ट के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर थे। उन्होंने मौजूदा सत्र में काउंटी चैंपियनशिप के डिवीजन एक में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ मैच में पांच शतक लगाते हुए 65.66 की औसत से रन बनाए हैं।

स्टोक्स की अनुपस्थिति में टीम का संतुलन बनाने के लिए गेंदबाजी ऑलराउंडर सैम कुरेन और रेहान अहमद भी विकल्प के रूप में मौजूद हैं। स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला गंवाने के बाद इंग्लैंड के लिए अपने शानदार टेस्ट करियर का अंत किया था। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 7,273 रन बनाए और 252 विकेट लिए।

इंग्लैंड अपने पिछले नौ टेस्ट मैच में से सात गंवा चुका है और दिसंबर 2024 के बाद से कोई टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत पाया है। पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के अन्य मुकाबले लॉर्ड्स और बर्मिंघम में खेले जाएंगे।

# 80 की उम्र में बिल्कुल अकेली हैं उषा नाडकर्णी, पति से नहीं कोई नाता, बेटा नहीं मानता मां, एक्ट्रेस ने सुनाई 40 साल के अकेलेपन की आपबीती..

डेस्क जगप्रेरणा।

***लोकप्रिय टीवी धारावाहिक 'पवित्र रिश्ता' में अपने दमदार अभिनय से घर-घर में पहचान बनाने वाली अभिनेत्री उषा नाडकर्णी लगभग सात दशकों से अभिनय की दुनिया में सक्रिय हैं। हिंदी और मराठी सिनेमा से लेकर छोटे पर्दे तक, उन्होंने हर तरह की भूमिकाओं को पर्दे पर जीवंत किया है।***



उनका करियर हमेशा उनकी अपनी शर्तों पर बना, हालांकि उन्होंने कई बार पैसों की खातिर भी काम किया, तब भी जब उन्हें लगता था कि उन्हें वह सम्मान नहीं मिल रहा जिसकी वे हकदार हैं। 80 वर्ष की उम्र में भी मुंबई के एक अपार्टमेंट में अकेले रहकर वे अपनी जिंदगी और काम की जिम्मेदारी खुद उठा रही हैं।

## क्रूर पिता का खौफ और मां का घर से निकालना..

उषा नाडकर्णी का बचपन बहुत ही दर्दनाक और खौफनाक माहौल में बीता। उनके पिता एयरफोर्स में अधिकारी थे, लेकिन उनका व्यवहार बेहद हिंसक और गुस्से से भरा था। वे अक्सर उषा, उनके भाई-बहनों और उनकी मां को बेरहमी से पीटते थे। एक इंटरव्यू में उषा ने अपने पिता की इस प्रताड़ना का जिक्र करते हुए बताया था कि यदि अखबार थोड़ा सा भी मुड़ा हुआ दिखता या बच्चों की किताबें करीने से नहीं रखी होतीं तो उनके पिता आपा खो बैठते थे और किताबें फाड़ डालते थे। खौफका आलम यह था कि भाई-बहनों में से किसी एक की पिटाई होते देख बाकी बच्चे डरकर भाग जाते थे। एक बार उनके पिता उनके भाई को बेदर्दी से पीट रहे थे, जब उषा ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो पिता ने उन पर नारियल काटने वाले कोइता से हमला कर दिया।

## मां को नहीं पसंद था कि उषा बनें एक्टर..

उनके हाथ पर गहरा घाव हुआ, लेकिन अगले ही दिन वे उस चोट के साथ नाटक में अभिनय करने गईं। पिता के इस कड़े रवैये के कारण वे कभी अपने अभिनय के सपने को उनसे साझा नहीं कर पाईं। जब उन्होंने अपनी मां जो एक शिक्षिका थीं को एक्टर बनने की ख्वाहिश बताई, तो मां को यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। उनके मध्यवर्गीय परिवार में पड़ोसियों के तानों का बहुत डर था। जब उषा ने अपनी जिद नहीं छोड़ी तो उनकी मां ने उनका सारा सामान उठाकर सड़क पर फेंक दिया और घर से निकाल दिया। इसके बाद उषा को हफ्ते भर अपनी एक सहेली के घर शरण लेनी पड़ी, जब तक कि उनके पिता उन्हें वापस घर नहीं ले आए।

## पति से अलगाव और बेटे की परवरिश की कड़वी सच्चाई..

उषा नाडकर्णी ने कभी अपने निजी जीवन और पति के बारे में खुलकर बात नहीं की। हाल ही में उन्होंने पहली बार खुलासा किया कि वे अपने पति से बहुत साल पहले ही अलग हो चुकी थीं। हालांकि उनके दिल में पति या उनके परिवार के प्रति कोई कड़वाहट नहीं है, वे आज भी उनके परिवार के लिए लंच-डिनर का आयोजन करती हैं। शादी से उनका एक बेटा है जो अब विदेश में बसा हुआ है। काम में व्यस्त रहने के कारण उषा अपने बेटे को पर्याप्त समय नहीं दे पाती थीं। उनके भाई का घर बड़ा था, इसलिए उनका बेटा अपनी नानी और मामा के पास रहकर बड़ा हुआ। मराठी नाटकों की व्यस्तता के कारण दिन में कई-कई शो करने पड़ते थे, जिससे वे बेटे से सिर्फसमय मिलने पर ही मिल पाती थीं। उषा ने बेहद भावुक होकर साझा किया कि उनका बेटा आज उनसे कहता है, 'आपने तो सिर्फमुझे जन्म दिया है, मेरी असली मां तो मेरी नानी ही थीं।' ऐसे में बेटा उनसे ज्यादा अटैच्ड नहीं है और वो मां का दर्जा उन्हें नहीं बल्कि नानी को देता है। एक्ट्रेस को बेटे से दूरी रहने का आज भी मलाल है।

## 1987 से अकेलापन और मौत से जुड़े सवाल..

उषा का बेटा विदेश में रहता है और उनके सभी भाई-बहनों का निधन हो चुका है, जिसके चलते वे पूरी तरह से अकेली रह गई हैं। साल 1987 से यानी लगभग चार दशकों से वे अकेले ही जिंदगी गुजार रही हैं। शुरुआती दिनों में जब वे अपने नए अपार्टमेंट में आई थीं तो उन्हें अकेले रहने में डर लगता था। उन्हें लगता था कि पीछे से कोई हमला न कर दे, इसलिए वे अक्सर वॉचमैन को अपने साथ दरवाजे तक आने को कहती थीं, लेकिन वक्त के साथ उनका यह डर पूरी तरह खत्म हो गया। अब 80 वर्ष की उम्र में वे मौत से जुड़े सवालों का सामना बहुत ही शांत मन से करती हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें अकेले रहने और अचानक दुनिया से चले जाने का डर सताता है तो उन्होंने बेबाकी से जवाब दिया कि इंसान यह तय नहीं कर सकता कि उसकी मौत कैसे होगी। कुछ लोग सोते-सोते चले जाते हैं तो कुछ अस्पताल में दम तोड़ते हैं। उन्हें इस बात का जरा भी डर नहीं है। वे मानती हैं कि अगर कभी वे अपनी नींद में ही गुजर गईं तो पड़ोसी दरवाजा खटखटाकर यही सोचेंगे, 'बुड्ढी ने आज दरवाजा नहीं खोला है।'

# ग्लास्गो कॉमनवेल्थ गेम्स के बाद पाकिस्तानी बॉक्सर समेत कई खिलाड़ी गायब, स्कॉटलैंड पुलिस ने शुरू की जांच..

डेस्क जगप्रेरणा।

***ग्लास्गो में संपन्न हुए कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के बाद एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। प्रतियोगिता खत्म होने के बाद कई देशों के कुछ खिलाड़ी अपनी टीमों के साथ वापस नहीं लौटे हैं।***





स्कॉटलैंड पुलिस ने पुष्टि की है कि उन्हें कई खिलाड़ियों के लापता होने की सूचना मिली है और पूरे मामले की जांच जारी है। शुरुआती स्तर पर ब्रिटेन के गृह मंत्रालय यानी होम ऑफिस के साथ भी समन्वय किया जा रहा है।

## बॉक्सिंग टीम के चार सदस्य गायब..

युगांडा की खेल वेबसाइट एनबीएस स्पोर्ट के अनुसार, देश की मुक्केबाजी टीम के चार सदस्य स्कॉटलैंड में कथित तौर पर लापता हो गए। बताया गया कि 4 अगस्त को जब युगांडा का दल स्वदेश लौटने वाला था, तब ये चारों खिलाड़ी टीम के साथ मौजूद नहीं थे। वहीं, पाकिस्तान से भी एक मुक्केबाज के लापता होने की खबर सामने आई है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बॉक्सर कुदरतुल्लाह अपने मुकाबले के बाद टीम होटल से अचानक गायब हो गया। सबसे हैरानी की बात यह है कि उसका पासपोर्ट टीम मैनेजर के पास था, इसके बावजूद वह टीम से अलग होने में सफल रहा।

दरअसल, पाकिस्तान मुक्केबाजी महासंघ के लिए यह कोई नया विवाद नहीं है। इससे पहले 2022 के बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में भी पाकिस्तान के मुक्केबाज सुलेमान बलोच और नजीरुल्लाह खान टीम से अलग होकर लापता हो गए थे, जबकि उनके पासपोर्ट भी अधिकारियों के पास थे।

इसके अलावा वर्ल्ड ओलंपिक क्वालीफायर 2024 के दौरान एशियन गोल्ड मेडलिस्ट मुक्केबाज जोहेब रशीद पर अपने रूममेट की विदेशी मुद्रा और कीमती सामान चोरी कर गायब होने का आरोप लगा था। स्कॉटलैंड पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि हमें कई खिलाड़ियों के लापता होने की रिपोर्ट मिली है। मामले की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच जारी है और होम ऑफिस के साथ शुरुआती स्तर पर समन्वय किया जा रहा है।

## CWG में 3000 खिलाड़ियों ने की शिरकत..

कॉमनवेल्थ गेम्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी फिल बैटी ने कहा कि इन खेलों में 74 देशों के करीब 3000 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के सुरक्षित आगमन और प्रस्थान को सुनिश्चित करने के लिए आयोजन समिति ने पुलिस स्कॉटलैंड, बॉर्डर फोर्स और यूके वीजा एवं इमिग्रेशन विभाग के साथ मिलकर काम किया। गौरतलब है कि कॉमनवेल्थ गेम्स के बाद खिलाड़ियों के लापता होने की घटनाएं नई नहीं हैं। इससे पहले 2014 में ग्लास्गो और 2018 में ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में आयोजित खेलों के बाद भी कई खिलाड़ियों ने शरण लेने या अपनी टीम से अलग होने की कोशिश की थी।

# 'लॉक अप' खत्म होते ही गिले-शिकवे भूलीं श्रेया कालरा और शिवांगी जोशी, जमकर थिरकीं एक-साथ, एकता कपूर ने कराया मिलन..

डेस्क जगप्रेरणा।

***मशहूर रियलिटी शो 'लॉक अप' का फिनाले खत्म होते ही एक नया ट्विस्ट सामने आया है। शो की ट्रॉफी जीतने और 1 करोड़ रुपये की इनामी राशि अपने नाम करने के कुछ ही घंटों बाद विजेता श्रेया कालरा और रनर-अप शिवांगी जोशी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।***



इस वीडियो में दोनों अभिनेत्रियां पुरानी कड़वाहट को भूलकर पार्टी में बाकी कंटेस्टेंट्स के साथ एक साथ डांस करती और हंसती-मुस्कुराती नजर आ रही हैं। फैंस इस वीडियो को देखकर इसलिए भी हैरान हैं क्योंकि जीत दर्ज करने के तुरंत बाद श्रेया ने मीडिया के सामने शिवांगी को लेकर काफी सख्त बयान दिए थे।

## जीत के बाद श्रेया के तीखे बोल..

शो खत्म होने के ठीक बाद जब श्रेया कालरा से उनकी यात्रा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने शिवांगी जोशी पर खुलकर भड़ास निकाली। श्रेया ने आरोप लगाया कि खेल के दौरान शिवांगी ने उनके भरोसे को तोड़ा। श्रेया ने उन्हें बैकस्टैबर तक कह डाला। मीडिया से बात करते हुए श्रेया ने कहा था, 'मैंने उस पर अपनी सगी बहन की तरह भरोसा किया था, लेकिन उसने मेरा भरोसा तोड़ दिया। पूरे शो के दौरान मेरे लिए यह सबसे बड़ा झटका और निराशा थी।' हालांकि इन तीखे आरोपों के साथ-साथ श्रेया ने यह भी माना कि शिवांगी ने पूरे सीजन में गेम बहुत अच्छे से खेला है।

## आरोप-प्रत्यारोप के बीच सामने आया जश्न का वीडियो..

एक तरफ जहां श्रेया के बयानों ने इंटरनेट पर सनसनी फैला दी थी, वहीं दूसरी तरफ एकता कपूर की आफ्टर-पार्टी का जो नजारा देखने को मिला, वह पूरी तरह से अलग था। वायरल हो रहे वीडियो में श्रेया और शिवांगी के चेहरे पर न तो कोई शिकन दिख रही है और न ही कोई नाराजगी। दोनों एक-दूसरे के साथ बेहद खुश होकर डांस कर रही हैं और फिनाले का जश्न मना रही हैं। इस खुशनुमा व्यवहार को देखकर फैंस यह सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि क्या दोनों ने शो खत्म होते ही अपने आपसी मतभेदों को हमेशा के लिए खत्म कर दिया है। सामने आए वीडियो में आप देख सकते हैं कि ये मिलन किसी और ने नहीं बल्कि खुद एकता कपूर ने कराया है।

## सोशल मीडिया पर फैंस की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं..

इस वायरल क्लिप को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स दो गुटों में बंट गए हैं। कुछ फैंस दोनों अभिनेत्रियों की तारीफ कर रहे हैं कि उन्होंने खेल की दुश्मनी को खेल तक ही सीमित रखा और बाहर आते ही इसे भुला दिया।

वहीं कई यूजर्स इस बात पर सवाल उठा रहे हैं कि क्या श्रेया द्वारा लगाए गए आरोप महज एक पब्लिसिटी स्टंट थे या रियलिटी शो के माहौल का असर थे। हालांकि अधिकांश फैंस का कहना है कि महीनों के कड़े तनाव के बाद दोनों को इस तरह साथ में जश्न मनाते देखना वाकई काबिले तारीफ है।

## दोस्ती, दरार और अब सुलह का संकेत?

'लॉक अप' के इस सीजन में श्रेया कालरा और टीवी की मशहूर अभिनेत्री शिवांगी जोशी की केमिस्ट्री शुरुआत में काफी मजबूत रही थी। दोनों के बीच एक गहरा बॉन्ड देखा गया था, लेकिन खेल के अंतिम हफ्तों में रणनीतिक फैसलों और भरोसे की कमी के कारण उनकी दोस्ती में दरार आ गई। फिनाले के बाद श्रेया के बैकस्टैबर वाले बयान ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं, लेकिन इस डांस वीडियो ने यह संकेत दे दिया है कि शायद दोनों के बीच अब कोई पुरानी दुश्मनी नहीं बची है। हालांकि यह केवल पार्टी का एक सामान्य सौहार्दपूर्ण पल था या फिर से किसी नई दोस्ती की शुरुआत, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। फिलहाल इस वायरल वीडियो ने श्रेया और शिवांगी को एक बार फिर चर्चा के केंद्र में लाकर खड़ा कर दिया है।

# तीन भारतीय विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 चैम्पियनशिप के फाइनल में..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भालाफेंक खिलाड़ी आशीष यादव और टी धरणीधरन के साथ चक्काफेंक खिलाड़ी अमानत कम्बोज ने विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 चैम्पियनशिप के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करके फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया।***





यादव पुरूषों के भालाफेंक ग्रुप ए क्वालीफिकेशन दौर में 69 . 87 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे और कुल दूसरा स्थान हासिल किया। दक्षिण अफ्रीका के जान हेंडरिक हेमैंस 76 . 02 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे।

धरणीधरन 68 . 07 मीटर का थ्रो फेंककर बारहवें और आखिरी स्थान पर रहे और फाइनल में जगह बनाई।

भारतीय सुपरस्टार नीरज चोपड़ा के नाम इस स्पर्धा का विश्व रिकॉर्ड है जिन्होंने 2016 में पोलैंड में 86 . 48 मीटर का थ्रो फेंका था। महिलाओं के चक्काफेंक में अमानत ने ग्रुप ए में 52 . 58 मीटर का थ्रो फेंककर छठा स्थान हासिल किया और कुल 12वें स्थान पर रहे।

चीन की सू यिशिन 58 . 06 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष रही। मोगली वेंकटराम पुरूषों के 800 मीटर सेमीफाइनल में पहुंच गए जबकि उविन आनंद बाहर हो गए। वेंकटराम ने पांचवीं हीट में एक मिनट 52 . 81 सेकंड का समय निकाला।

आनंद पहली हीट में 30वें स्थान पर रहे। भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले टीम पहले दौर में ही अपनी हीट में चौथे स्थान पर रहकर बाहर हो गई।

# अरुणाचल एशियाई राफ्टिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले के बोलेंग में अक्टूबर 2026 में एशियाई राफ्टिंग चैंपियनशिप आयोजित होगा जिसे राज्य के साहसिक खेलों और वैश्विक पर्यटन की पहचान को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू और पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री ओजिंग तासिंग (बोलेंग के विधायक भी हैं)***



ने आगामी प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा के लिए खेल प्रशासन से जुड़े प्रमुख अधिकारियों के साथ अलग-अलग उच्चस्तरीय बैठकें कीं। यह प्रतियोगिता पांच

खांडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'यह आयोजन अरुणाचल प्रदेश की मनमोहक नदियों, प्राकृतिक सौंदर्य, साहसिक खेलों की संभावनाओं और स्थानीय आतिथ्य को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का बेहतरीन अवसर है।' पांच दिन तक चलने वाली इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में एशिया के शीर्ष राफ्टिंग खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

प्रतियोगिता सिमांग नदी पर आयोजित होगी। यह सियांग नदी की सहायक नदी है और बोलेंग की सियांग घाटी से होकर बहती है।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



जग प्रेरणा
# साहित्य अभिव्यक्ति
■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## कलयुग का क्रूर सच या बदलता सामाजिक यथार्थ? क्या माता-पिता अब केवल जिम्मेदारी रह गए हैं, संबंध नहीं? औलाद द्वारा पिता क़े अंतिम संस्कार को वीडियो कॉल पर देखने ने समाज के सामने एक अत्यंत गंभीर प्रश्न खड़ा कर दिया है? -वैश्विक विमर्श

वैश्विक स्तरपर आध्यात्मिकता संवेदन शीलता सहिष्णुता पारिवारिक विश्वास और अतिथि देवो भव का गढ़ माने जाने वाले भारत सहित करीब करीब दुनियाँ के हर देश में यह प्रश्न गूंज रहा है, क्या आधुनिक जीवन की तेज रफ्तार ने मनुष्य की संवेदनशीलता को पीछे छोड़ दिया है? क्या आर्थिक सफ़लता की दौड़ में रिश्तों की ऊष्मा धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है? यह केवल किसी एक परिवार की कहानी नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक सामाजिक यथार्थ का दर्पण बनती दिखाई देती है।यह बात आज हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि एक घटना हरियाणा में हुई, 5 अगस्त 2026 को अंतिम संस्कार किए जाने के बाद यह मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ।इसके बाद गुरुवार 6 अगस्त 2026 को शाम देशभर के अनेक मीडिया प्लेटफॉर्म आई खबरों ने पूरे देश को गहरे भावनात्मक मंथन के लिए विवश कर दिया। यह घटना एक ऐसे प्रश्न को अवश्य सामने लाती है,जो केवल भारत का नहीं बल्कि पूरी दुनियाँ का सामाजिक संकट बनता जा रहा है, मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह पूछना चाहता हूं क़ि क्या आधुनिक विकास, वैश्वीकरण और डिजिटल जीवनशैली ने मनुष्य को आर्थिक रूप से समृद्ध लेकिन भावनात्मक रूप से निर्धन बना दिया है? क्या माता-पिता अब केवल जिम्मेदारी रह गए हैं, संबंध नहीं? क्या संवेदनशीलता की जगह सुविधा ने ले ली है?आज व्यक्ति के पास समय कम और साधन अधिक हैं।वह दुनियाँ के किसी भी कोने में बैठकर अपने माता-पिता से वीडियो कॉल पर बात कर सकता है, लेकिन उनके पास बैठकर कुछ पल बिताने का समय नहीं निकाल पा रहा। तकनीक ने दूरी घटाई है,पर कई मामलों में भावनात्मक निकटता भी कम कर दी है।सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किए गए वीडियो और दावों के अनुसार एक वृद्ध के अंतिम संस्कार के दौरान उनकी संतानों द्वारा जल्दबाजी और भोजन के लिए समय पूछने जैसी बातें कही गईं। इसी प्रकार कुछ अन्य वायरल दावों में अंतिम संस्कार को वीडियो कॉल पर देखने या विदेश एवं महानगरों में रहने वाले बच्चों के समयाभाव का उल्लेख भी सामने आया, इन घटनाओं ने समाज के सामने एक अत्यंत गंभीर प्रश्न खड़ा कर दिया है। मानव सभ्यता का सबसे बड़ा आधार केवल विज्ञान, अर्थव्यवस्था या तकनीक नहीं रहा, बल्कि रिश्तों की आत्मीयता करुणा,सहिष्णुता और पारिवारिक विश्वास रहा है। जब कोई पिता अपने बच्चों के भविष्य के लिए जीवनभर संघर्ष करता है,अपनी इच्छाओं का त्याग करता है और अपनी खुशियों को उनके सपनों में समाहित कर देता है,तब उसके जीवन की अंतिम यात्रा केवल एक धार्मिक संस्कार नहीं होती; वह पूरे परिवार के प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता की अंतिम अभिव्यक्ति होती है।यदि वही अंतिम क्षण जल्दबाजी, औपचारिकता या समय-प्रबंधन का विषय बन जाएँ, तो यह केवल एक परिवार की संवेदनहीनता नहीं, बल्कि समाज के नैतिक चरित्र पर प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा होता है। बता दें क़ि मीडिया में आई घटना किसी स्वतंत्र आधिकारिक जांच या न्यायिक पुष्टि अभी तक सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। इसलिए इन्हें स्थापित तथ्य के बजाय रिपोर्टेड दावा मानकर ही उद्धृत करना उचित होगा।

साथियों, वर्तमान समय में रोजगार,शिक्षा और बेहतर जीवन की तलाश में गांवों, कस्बों और छोटे शहरों से महानगरों तथा विदेशों की ओर प्रवासन तेजी से बढ़ा है। यह परिवर्तन आर्थिक दृष्टि से आवश्यक भी है और विकास का संकेत भी। लाखों युवाओं ने अपने परिवारों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया है। किंतु इस विकास का एक मौन और पीड़ादायक पक्ष भी सामने आया है। माता-पिता वृद्धावस्था में अपने ही घरों में अकेले रह जाते हैं। बैंक खाते में नियमित धनराशि पहुँच जाती है, महंगे इलाज की व्यवस्था भी हो जाती है, लेकिन वह हाथ नहीं पहुँच पाता जो उनके कंधे पर स्नेह से रखा जाए। आर्थिक सहयोग जीवन को सुरक्षित बना सकता है, किंतु भावनात्मक उपस्थिति का कोई विकल्प आज तक दुनिया नहीं खोज सकी है।यह संकट केवल भारत तक सीमित नहीं है। जापान में कोडोकुशी अर्थात अकेले मृत्यु हो जाना एक गंभीर सामाजिक चिंता का विषय बन चुका है। यूरोप के अनेक देशों में लाखों बुजुर्ग अकेले रहते हैं।अमेरिका,ब्रिटेन, जर्मनी दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों में संयुक्त परिवारों की जगह एकल परिवारों ने ले ली है। सरकारें वृद्धजन कल्याण योजनाएँ चला रही हैं, आधुनिक देखभाल केंद्र विकसित किए जा रहे हैं, लेकिन कोई भी सरकारी व्यवस्था परिवार के स्नेह, संतान के स्पर्श और अपनत्व की जगह नहीं ले सकती। यही कारण है कि विकसित देशों में भी अकेलेपन को सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट माना जाने लगा है। इससे स्पष्ट होता है कि यह केवल भारतीय समाज की समस्या नहीं, बल्कि आधुनिक वैश्विक सभ्यता के सामने खड़ी एक साझा मानवीय चुनौती है।

साथियों, भारतीय संस्कृति ने सदैव माता-पिता को देवतुल्य स्थान दिया है।मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः केवल धार्मिक वाक्य नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन का मूल दर्शन रहा है। संयुक्त परिवारों में तीन-तीन पीढ़ियाँ एक साथ रहती थीं। बच्चे अपने दादा-दादी और माता-पिता के बीच जीवन के संस्कार सीखते थे।वृद्ध व्यक्ति परिवार का अनुभव,धैर्य और नैतिक दिशा होते थे। किंतु शहरीकरण,उपभोक्तावाद,व्यक्तिगत स्वतंत्रता की नई अवधारणाएँ और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी जीवनशैली ने इस संरचना को बदल दिया है। आज सफ्लता का मूल्यांकन वेतन, पद, विदेशी नौकरी और भौतिक उपलब्धियों से किया जाता है,जबकि सेवा, त्याग, सहिष्णुता और पारिवारिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्य धीरे-धीरे सामाजिक विमर्श से पीछे हटते दिखाई देते हैं। आज की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि तकनीक ने संवाद के साधन तो बढ़ा दिए हैं,परंतु संवाद की आत्मीयता कम कर दी है। वीडियो कॉल, सोशल मीडिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल संचार ने दूरियों को भौगोलिक रूप से समाप्त कर दिया, लेकिन कई बार भावनात्मक दूरी पहले से अधिक बढ़ गई। माता-पिता से प्रतिदिन कुछ मिनट वीडियो कॉल पर बात करना आसान हो गया है, किंतु उनके साथ बैठकर चाय पीने, उनके अनुभव सुनने या उनके अकेलेपन को समझने का समय कम होता जा रहा है। रिश्ते कभी-कभी स्क्रीन तक सीमित होकर रह गए हैं। आधुनिक तकनीक दोषी नहीं है; समस्या तब उत्पन्न होती है जब सुविधा, संवेदना का स्थान लेने लगती है।

साथियों, फ़िर भी इस पूरे विमर्श में संतुलित दृष्टिकोण आवश्यक है। प्रत्येक प्रवासी बेटा या बेटी संवेदनहीन नहीं होता। अनेक युवाओं की परिस्थितियाँ ऐसी होती हैं कि उन्हें अचानक छुट्टी नहीं मिलती, अंतरराष्ट्रीय यात्रा तुरंत संभव नहीं होती या रोजगार की बाध्यताएँ अत्यधिक कठोर होती हैं। कई माता-पिता स्वयं अपने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए विदेश भेजते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य पर गर्व करते हैं। इसलिए किसी एक वायरल घटना के आधार पर पूरी पीढ़ी को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं होगा। प्रश्न किसी व्यक्ति का नहीं, बल्कि उस सामाजिक संरचना का है जिसमें समय, सफ्लता और प्रतिस्पर्धा ने रिश्तों पर अभूतपूर्व दबाव बना दिया है।समस्या केवल अंतिम संस्कार तक सीमित नहीं है।समाज में संवेदनहीनता के अनेक रूप दिखाई देते हैं। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने के बजाय उसका वीडियो बनाना, किसी आपदा को मानवीय त्रासदी के बजाय सोशल मीडिया सामग्री के रूप में प्रस्तुत करना,या बुजुर्गों के अकेलेपन को सामान्य मान लेना,ये सभी संकेत बताते हैं कि हमारी सामूहिक संवेदना कहीं न कहीं कमजोर हुई है। सहिष्णुता धैर्य और करुणा किसी भी सभ्य समाज की पहचान होते हैं। यदि ये मूल्य क्षीण होने लगें, तो तकनीकी प्रगति भी समाज को भीतर से सटीकता से मजबूत नहीं बना सकती।

साथियों, आज के बुजुर्गों के मन में एक नया भय जन्म ले रहा है। वे सोचते हैं कि यदि उनका बेटा या बेटी हजारों किलोमीटर दूर होगा, यदि अंतिम समय में कोई अपना साथ नहीं होगा, यदि जीवन की अंतिम यात्रा भी डिजिटल माध्यमों से पूरी होगी, तो क्या यही आधुनिकता की अंतिम परिणति है? यह प्रश्न केवल भावुकता नहीं, बल्कि बदलते सामाजिक मनोविज्ञान का संकेत है। वृद्धावस्था में मनुष्य को सबसे अधिक आवश्यकता सम्मान, संवाद और अपनेपन की होती है। दवाइयाँ शरीर को सहारा देती हैं, लेकिन आत्मा को जीवित रखने का कार्य परिवार का स्नेह ही करता है।शिक्षा व्यवस्था भी इस संदर्भ में आत्ममंथन की अपेक्षा करती है। आज विद्यालय और विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को उत्कृष्ट पेशेवर बनाने का प्रयास करते हैं, किंतु भावनात्मक बुद्धिमत्ता,नैतिक शिक्षा,पारिवारिकउत्तरदायित्व और बुजुर्गों के सम्मान जैसे विषय अपेक्षित महत्व नहीं पा रहे। यदि आने वाली पीढ़ियाँ केवल तकनीकी रूप से दक्ष होंगी और मानवीय रूप से संवेदनशील नहीं, तो समाज आर्थिक रूप से समृद्ध अवश्य होगा, परंतु नैतिक रूप से कमजोर होता जाएगा। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक और संवेदनशील मनुष्य तैयार करना भी होना चाहिए।

साथियों सरकारों, नियोक्ताओं और समाज की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यस्थलों पर परिवार-अनुकूल अवकाश नीति, आपातकालीन पारिवारिक परिस्थितियों में विशेष अवकाश,वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहतर सामुदायिक देखभाल मानसिक स्वास्थ्य सहायता, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सहभागिता जैसी व्यवस्थाएँ इस संकट को कम कर सकती हैं। साथ ही, परिवारों को भी संवाद की परंपरा पुनर्जीवित करनी होगी। बच्चों को बचपन से यह सिखाना होगा कि माता-पिता केवल जिम्मेदारी नहीं,बल्कि जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा और अस्तित्व का आधार हैं। मीडिया और सोशल मीडिया की जिम्मेदारी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।यदि कोई घटना समाज को आत्ममंथन के लिए प्रेरित करती है, तो उसे सुधार और संवेदनशीलता के अवसर के रूप में अवश्य देखा जाना चाहिए।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि यह विमर्श केवल बेटों और बेटियों के कर्तव्यों का नहीं,बल्कि पूरी मानव सभ्यता के भविष्य का प्रश्न है। यदि आधुनिकता हमें अधिक शिक्षित,अधिक संपन्न और अधिक सफ्ल बनाती है,तो उसे हमें अधिक मानवीय भी बनाना चाहिएविकास का वास्तविक अर्थ ऊँची इमारतें, विदेशी नौकरियाँ और बढ़ती आय भर नहीं है; विकास का अर्थ ऐसा समाज भी है जहाँ किसी बुजुर्ग को यह भय न हो कि उसकी अंतिम यात्रा में रिश्ते समय की कमी से हार जाएँगे।

माता-पिता के लिए सबसे बड़ा उपहार महँगे उपहार नहीं, बल्कि अपना समय, सम्मान, संवाद और स्नेह है।आज आवश्यकता स्वयं से एक ईमानदार प्रश्न पूछने की है,क्या हम अपने माता-पिता के लिए उतना समय निकाल रहे हैं, जितना उन्होंने हमारे लिए जीवनभर निकाला था?यदि इस प्रश्न का उत्तर हमें असहज करता है,तो यही आत्ममंथन परिवर्तन की पहली सीढ़ी है।आने वाली पीढ़ियाँ हमारे उपदेशों से अधिक हमारे व्यवहार से सीखेंगी। इसलिए यदि हमें संवेदनशील, सहिष्णु और संस्कारित समाज का निर्माण करना है, तो उसकी शुरुआत अपने ही घर से करनी होगी। क्योंकि किसी भी सभ्य समाज की सबसे विश्वसनीय पहचान उसकी आर्थिक शक्ति नहीं, बल्कि उसके बुजुर्गों के चेहरे पर दिखाई देने वाला सम्मान, सुरक्षा और अपनापन होता है।

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भावनानी गोंदिया

## जब तक नशे की सामग्री आसानी से उपलब्ध रहेगी, नशामुक्ति असंभव है..

केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित 'नशा मुक्त भारत अभियान' देश की युवा आबादी को मादक पदार्थों के चंगुल से बचाने का एक व्यापक राष्ट्रीय प्रयास है। निश्चित रूप से जन-जागरूकता, परामर्श और पुनर्वास के मोर्चे पर सरकार की यह पहल बेहद सराहनीय है, लेकिन जमीनी हकीकत एक कड़वे सच की ओर इशारा करती है। जब तक गलियों, नुक्कड़ों, शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तथा मेडिकल स्टोर तथा डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर नशे की सामग्री आसानी से उपलब्ध रहेगी, तब तक नशामुक्ति का यह संकल्प पूर्णतः सफ्ल होना नामुमकिन नहीं तो मुश्किल अवश्य है।

किसी भी नशामुक्ति अभियान की सफ्लता केवल इस बात पर निर्भर नहीं करती कि कितने लोगों को जागरूक किया गया या कितने मरीजों का इलाज हुआ। विशेषज्ञों का स्पष्ट मानना है कि जागरूकता अभियानों के माध्यम से मांग घटाने के प्रयास तब तक बेअसर साबित होंगे, जब तक नशीले पदार्थों की आपूर्ति की श्रृंखला को जड़ से नहीं काटा जाता। पुनर्वास केंद्रों से इलाज कराकर बाहर निकलने वाले व्यक्तियों के सामने सबसे बड़ा संकट यही आसान उपलब्धता है। जब अस्पताल या काउंसलिंग सेंटर से निकलते ही कुछ ही दूरी पर मादक पदार्थ सुलभ हों, तो व्यक्ति के पुनः नशे की गर्त में जाने का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है।

वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती अवैध ड्रग पैडलर्स का गली-मोहल्लों में सक्रिय नेटवर्क है। इसके अलावा कई मेडिकल स्टोर्स से बिना पर्ची के प्रतिबंधित व नशीली दवाएं आसानी से मिल जाती हैं, जबकि आधुनिक दौर में डार्क वेब और सोशल मीडिया के जरिए भी नशा सीधे युवाओं तक पहुंच रहा है। जागरूकता केवल व्यक्ति के भीतर मानसिक इच्छाशक्ति जगाती है, लेकिन जब तक आसपास नशे का माहौल बना रहेगा, तब तक यह इच्छाशक्ति भी दबाव के आगे टूट जाती है।

प्रधानमंत्री के 'ड्रग-फ्री इंडिया' के सपने को साकार करने के लिए नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, राज्य पुलिस और स्थानीय प्रशासन को एकीकृत रणनीति के तहत काम करना होगा। नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में लिप्त नेटवर्क को ध्वस्त करना इस अभियान की पहली शर्त होनी चाहिए। इसके साथ ही, शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध को सख्ती से लागू करना होगा और दवा दुकानों की कड़ी ट्रैकिंग करनी होगी।


'नशा मुक्त भारत' केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है। जनजागरूकता और उपचार इस अभियान के महत्वपूर्ण पहलू हैं, लेकिन इसकी सफ्लता का सबसे मुख्य आधार नशीले पदार्थों की उपलब्धता पर पूर्ण विराम लगाना है। जब तक नशा पाना मुश्किल और नामुमकिन नहीं बनाया जाएगा, तब तक नशामुक्ति अभियान अपने अंतिम लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकेगा।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 240



ck;i li nk;i l& 1) दीपक 4) उचित 6) प्रयोग करना, परखना, जांच करना 9) एक अंग्रेजी महीना 11) अकेला 13) मल्ल, कुश्ती लड़नेवाला 15) लड़ने के लिए आव्हान देना 16) आकाश, नभ 18) संपन्न 20) सूक्ष्म छानबीन, खोज 23) 'बंगाल्स् सॉरो' के नाम से जानी जानेवाली नदी 25) सिरदर्द होने पर माथे पर लगाया जानेवाली लेप युक्त औषधी 26) अमेरिका द्वारा अन्तरिक्ष में यान छोड़नेवाला एक प्रसिद्ध विज्ञान संस्था 'नेशनल एक्रानॉटिक्स एन्ड स्पेस एडमिनिस्ट्रिेशन' का संक्षिप्त नाम 28) एक फल या रंग 30) आघात, चोट, दुःख 32) हमेशा 33) परिवर्तन 34) गरीब, निर्धन 36) पुलकित होना 37) 'नगाड़ा' शब्द का गलत उच्चारण 38) अंदर से बाहर आना 39) तुच्छ, रहित 40) किसी से झपटकर कोई चीज छीन लेना 42) बेहोशी 43) नरसिंह 44) संकेत, चेष्टा, गुप्त प्रेरणा 45) राजा की मुख्य रानी, प्रधान रानी 47) हरण करना 48) नमक का स्वाद 49) 'मैं' का बहुवचन 51) घमंड 52) निर्भय, निर्भीक 54) सन्तति 56) विपत्ति, संकट 57) एक किस्म की सुगंधित घास 58) बन्दर 59) ओड़ीसी के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का पूरा नाम 61) चारपाई 63) ज्वालामुखी से बहनेवाला तप्त द्रव 64) नरम 66) एक वस्तु का दूसरी वस्तु से जोर से भिड़ना 67) कामदेव 68) रिश्ता 69) किसी कच्ची वस्तु को आंच आदिद्वारा पुष्ट या तैयार करना 70) टालमटोल करना इस अर्थ का एक मुहावरा 73) गंदगी 75) पुतना का भूतकाल 76) आश्रय 78) पुरुष 79) एक फूल, एक पूर्व अभिनेत्री का नाम 80) एक धातु 81) यथार्थ में, अवश्य 83) प्रेम, अनुचित संबंध (उर्दू) 85) कुछ साल पूर्व दूरदर्शन पर प्रसारित धारावाहिक 'करमचंद' में जासूस की भूमिका करनेवाला अभिनेता 88) नौका चालक, मल्लाह 90) असफल 91) नया पैदा हुआ 93) प्रथा, रिवाज 95) यात्रा 97) शीश, माथा 98) चिन्तन 100) मजबूत 103) अन्दर 105) विष्णु 106) एक देश जिसकी राजधानी बेरुत है 107) अपने मन के मुताबिक करना, स्वेच्छाचारिता 108) निंदा करना अर्थ का एक मुहावरा, नाम करण 109) नशीलापन

Åij ls uhps l& 1) गोंद आदि से दो वस्तुओं का जुड़ना 2) पथ, मार्ग 3) अशुद्ध, जो ठीक न हो 4) श्रीरामजी की पत्नी और जनक राजा की कन्या 5) कटोरियों मे पानी रखकर उनपर आघार कर के ध्वनि निकालने का वाद्य 6) नभांगण, आसमान 7) धन, सम्पत्ति 8) सांप 9) हमारे प्रधानमंत्री 10) बाल 11) किसी वस्तु के नीचे का भाग 12) पछताना इस अर्थ का एक मुहावरा 14) प्रशंसा पाना आशय का एक मुहावरा 17) प्राचीन कालीन एक शस्त्र 18) जो चिकना न हो 19) नुकसान 21) जिसे एक आंख से ही दिखाई देता हो 22) मतवाला, बेहोश 24) मजार, मकबरा 25) मेघ 27) जरिया, उपकरण 29) दिखावटी साहस दिखाना इस अर्थ का एक मुहावरा 30) मोक्ष, अच्छी गति 31) मान लिया 33) अज 35) शिवजी की नृत्य मुद्रा का नाम 38) लक्ष्य 39) बहाना, टालमटोल 41) मां की मां 44) विचार, उद्देश्य 46) क्रोध, गुस्सा, मानसिक कष्ट 47) खामोश कराना 48) विशेष 50) राजी कराना 52) उदास, जिसका चित्त न लगता हो 53) मुसलमान 54) लड़खड़ाने से बचना 55) स्वांग रचनेवाली एक जाति, अभिनेता 56) अधिक आमदनी वाले व्यक्तियोंद्वारा सरकार को दिया जानेवाला कर, इन्कमटैक्स 57) चारपाई में पाया जानेवाला एक कीड़ा 59) स्वाद 60) नाट्य, नाटिका 62) अवांछित 65) गायब 70) कराहने की आवाज 71) किसी बात में बड़ों से बढ़कर होना इस अर्थवाला एक मुहावरा 72) कमल 73) मास 74) नजदीक, आजूबाजू 75) चूमने का सा स्वर निकालकर प्यार प्रदर्शित करना 76) भूने आम का एक पेय 77) नाई की पत्नी 80) लोगों को ले जानेवाला वाहन 82) योग्य, उचित 83) विस्तार 84) ओस 85) एक भारतीय राज्य 86) नदी में आयी हुई बाढ़ 87) तर, आनन्द मग्न 89) ब्राह्मण 92) भारी 94) विचार 96) नदी 99) ईसाई साध्वी (अंग्रेजी) 101) सांस 102) परत 104) लक्ष्मी,, विष्णु पत्नी (जवाब अगले अंक में )

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | ध | म | म | चा | ना | | कु | मा | र | सं | भ | व | | त | स | वी | र | | त | |
| ज्व | | द | स | | ग | द्रा | | द | क्ष | ता | | च | म | क | दा | र | | इ | क | ड्डा |
| ल | गा | म | | अ | फ | वा | ह | | पा | न | दा | न | | श | | | टो | क | ना | |
| | म | त | गा | मि | नी | | क | मा | ल | | सा | | आ | र | पा | र | | रा | | त |
| वि | | | ल | त | | ख | ब | र | | अ | नु | कं | पा | | क | म | जो | र | | ड़ |
| वा | दा | | फु | | प | ता | का | | सं | प | दा | | | न | शा | | त | | ज | प |
| दा | | स | ला | म | त | | ना | | | रा | स | ली | ला | | ला | भ | दा | य | क | |
| स्प | | मा | ना | | वा | त | | अ | वै | ध | | ला | | गो | | या | र | | ड़ | |
| द | हे | ज | | अ | र | मा | न | | म | | दा | व | त | | भ | व | | पा | बं | द |
| | म | वा | ली | | | शा | | म | न | मा | न | ता | | वा | | ह | या | | द | |
| प | | दी | | ना | ज | | ना | | स्य | | वी | र | मा | ता | | | ग | ण | क | |
| हा | र | | आ | ह | | जा | च | क | | च | र | | ल | व | ले | श | | | र | न |
| ड़ | | म | हा | क | पा | ल | | वा | स | र | | ते | व | र | | ब | द | री | ना | थ |
| टू | म | ना | | | णि | | ज | ल | | ण | | जो | | ण | | न | | | | नी |
| ट | ल | ना | | अ | ग्र | गा | मी | | मं | दा | र | मा | ला | | अ | म | र्या | दि | त | |
| ना | म | | | दा | ह | | र | क्षा | | सी | | त्रा | | स | जा | | | न | म | न |

anumeya-08446302691

## सावन है बरसात नहीं..

कहीं नदियां इठलाते बहती,
कहीं दरियां में दिखे धार नहीं।
कहीं झूम-झूम कर बरसते बदरा,
सावन है कहीं बरसात नहीं।।
कहीं प्यास बुझाने बारिश की बूँदों से,
चातक की टिकी
निगाहें और कहीं।
कहीं पपीहा की
मधुर ध्वनि पी कहां,
सावन है कहीं बरसात नहीं।।
कहीं रंग-बिरंगे पँख पसारे,
मोर नृत्य करते और कहीं।
कहीं घटा शोभती मस्तानी,
सावन है कहीं बरसात नहीं।।
कहीं कृषक खुशहाल है दिखे,
छाई निराशा और कहीं।
कहीं धूप कहीं बादल है छाए,
सावन है कहीं बरसात नहीं।।

लेखक



प्रकृति अनुरागी बीउपवंशी

## यूं हीं मिल जाना है..

आप हमे यूं हीं कहीं मिल जायेंगे,
आप थे हमारे और हमारे हीं रह जाएंगे,
जिस दिन मेरे आस पास गुलाब खिलेंगे,
उस दिन आप हमे कहीं दिख जायेंगे,
रात को जब चांद आयेगा,
अपने साथ झोली
भर यादें लाएगा,
हम तब आपको याद करेंगे,
तब, नाचेंगे मोर
और चांद फ़िर आयेगा,
आपको देखूं या देखूं ज़मी,
जहां हर शाम होती हंसी,
पर, आपके आने
से फूल खिलते हैं,
आपको देखूं तो दिल मिलते हैं,
उन्हीं फूलों संग
आप कहीं दिख जाएंगे,
आप यू हीं हमे कहीं मिल जायेंगे।

रचनाकार



प्रणव राज,
बिहार





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# केंद्र के पूंजीगत व्यय से निजी क्षेत्र का भरोसा बढ़ा : सीतारमण

नई दिल्ली, (भाषा)।

***वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय बढ़ाने की नीति से भारतीय अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र का भरोसा मजबूत हुआ है। इससे निजी कंपनियां अब जोखिम उठाकर निवेश करने के लिए आगे आ रही हैं।***

सीतारमण ने कहा कि सभी देशों को अपनी वित्तीय जरूरतों के प्रबंधन के लिए सार्वजनिक ऋण लेना पड़ता है। हालांकि, राज्यों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वे केवल उतना ही कर्ज लें, जितना परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए आवश्यक हो और जिसकी अदायगी वे स्वयं कर सकें। कर्ज का बोझ अगली पीढ़ी पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

वित्त मंत्री ने सी डी देशमुख व्याख्यान-2026 में अपने संबोधन में कहा, ''पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने पूरे विश्वास के साथ सार्वजनिक पूंजीगत व्यय जारी रखा, क्योंकि उसे भरोसा था कि इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। इसी का परिणाम है कि अब निजी क्षेत्र आगे आ रहा है। वे जोखिम उठा रहे हैं और निवेश कर रहे हैं ताकि भारत की वृद्धि दर का लाभ उठा सकें।''

उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में पूंजीगत व्यय का प्रावधान बढ़ाकर 12.22 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जबकि वित्त वर्ष 2019-20 में यह 3.39 लाख करोड़ रुपये था। सीतारमण ने कहा, ''मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकती हूं कि जब आप कर्ज लेकर उसका उपयोग परिसंपत्तियों के निर्माण में करते हैं, तो उसका लाभ सरकार और आम जनता दोनों को मिलता है।'' सीतारमण ने कहा, ''कर्ज लेना जरूरी है, लेकिन यह सोच-समझकर तय करना चाहिए कि कितना कर्ज लेना है, कब लेना है और किस उद्देश्य से लेना है।''

उन्होंने कहा कि कई राज्य अपने कर्ज को पुनर्गठित करने और ब्याज के बोझ को घटाने का प्रस्ताव लेकर केंद्र सरकार के पास आए हैं।

वित्त मंत्री ने कहा, ''राज्यों को यह समझना होगा कि कर्ज लेकर उसे भूल नहीं सकते। आपको उसके लिए जवाबदेह होना होगा। कर्ज क्यों लिया जा रहा है, इसका स्पष्ट कारण होना चाहिए और उसे अनदेखा नहीं किया जा सकता।'' उन्होंने कहा कि राज्यों को मजबूत



बनाना और उनका सहयोग करना जरूरी है, लेकिन विकास के मामले में पिछड़े राज्यों को आगे लाने के लिए विशेष प्रयास भी करने होंगे।

सीतारमण ने कहा, ''ऐसा नहीं हो सकता कि कुछ राज्य अच्छा प्रदर्शन करें और कुछ वहीं के वहीं रह जाएं। उन्हें हरसंभव सहयोग देना होगा। साथ ही, देश की रक्षा, निर्यात और विनिर्माण को बढ़ावा देने वाली नीतियों के लिए संसाधन युक्त केंद्र सरकार भी जरूरी है। इन जिम्मेदारियों को केवल राज्यों पर नहीं छोड़ा जा सकता। निवेश और नीतियों को सही दिशा देने के लिए एक मजबूत केंद्र आवश्यक है।''

# आरबीआई ने कर्ज नहीं लौटाने वालों के मोबाइल फोन बंद करने पर लगाई रोक

मुंबई, (भाषा)।

***भारतीय रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि बैंक व्यक्तिगत, वाहन या आवास ऋण नहीं लौटाने वालों से कर्ज की वसूली के लिए उनके मोबाइल फोन, टैबलेट या लैपटॉप को बंद या निष्क्रिय नहीं कर सकते हैं।***




हालांकि, यदि संबंधित उपकरण की खरीद के लिए उसी बैंक ने कर्ज दिया है, तो यह कदम उठाया जा सकता है। आरबीआई ने कहा कि जिन मामलों में उपकरण की कार्यक्षमता सीमित या निष्क्रिय करने की अनुमति है, उनमें भी बैंक को शुरुआत से ही उपकरण बंद करने के बजाय चरणबद्ध तरीका अपनाना होगा।

केंद्रीय बैंक ने कर्ज वसूली और 'रिकवरी' एजेंसियों की नियुक्ति से जुड़े आचरण संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उधारकर्ताओं ने सोशल मीडिया के जरिये उत्पीड़न और अभद्र भाषा के इस्तेमाल जैसी शिकायतें की थीं। उसके बाद यह कदम उठाया गया है।

आरबीआई के परिपत्र के अनुसार, ये नियम एक जनवरी, 2027 से प्रभावी होंगे। केंद्रीय बैंक ने कहा, ''कोई भी बैंक ऐसी प्रौद्योगिकी आधारित व्यवस्था का इस्तेमाल नहीं करेगा, जो ऋण वसूली के साधन के रूप में उधारकर्ता के मोबाइल फोन, टैबलेट या लैपटॉप जैसी मोबाइल उपकरण की किसी भी कार्यक्षमता को सीमित या निष्क्रिय करे। अपवाद केवल उन मामलों में होगा, जहां संबंधित उपकरण की खरीद के लिए बैंक ने ही ऋण उपलब्ध कराया हो।''

केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि यदि मोबाइल उपकरण की खरीद बैंक से कर्ज लेकर की गई है, तो बैंक उसकी कार्यक्षमता सीमित या निष्क्रिय करने का विकल्प अपना सकता है।

हालांकि, ऐसे मामलों में भी बैंक को उपकरण को तुरंत बंद करने के बजाय चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई करनी होगी।

आरबीआई ने यह भी कहा कि बैंक आवश्यक सुविधाओं को किसी भी स्थिति में बंद या सीमित नहीं कर सकेंगे। इनमें 'इनकमिंग कॉल', एसएमएस और आपातकालीन एसओएस सुविधा शामिल हैं।

इससे पहले, मई में आरबीआई ने बैंक और एनबीएफसी समेत उसके दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों द्वारा ऋण वसूली और रिकवरी एजेंसियों की नियुक्ति से संबंधित आचरण' पर मसौदा दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिस पर विभिन्न पक्षों से सुझाव प्राप्त हुए थे।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि सुझावों में यह सुनिश्चित करने की बात कही गई थी कि बैंक और एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी) केवल सुरक्षित, मानकों के अनुरूप और परीक्षण की गई 'डिवाइस-लॉकिंग' तकनीक का ही उपयोग करें तथा बिना लाइसेंस या गैर-भरोसेमंद सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल को रोका जाए।

इन सुझावों को स्वीकार करते हुए आरबीआई ने कहा कि तकनीक आधारित वसूली प्रणाली लागू करने वाली वित्तीय संस्थाएं और उससे जुड़ी तीसरे पक्ष की सेवा प्रदाता कंपनी को संबंधित डिवाइस के मूल उपकरण विनिर्माता या 'ऑपरेटिंग सिस्टम' मंच से इस तकनीक का प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

आरबीआई ने बैंकों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है कि किसी भी उधारकर्ता या गारंटर की जानकारी केवल उतनी ही सीमा तक अपने कर्मचारियों या रिकवरी एजेंसियों के साथ साझा की जाए, जितनी ऋण वसूली से जुड़े दायित्वों के निर्वहन के लिए आवश्यक हो।

# मेटा से लगातार दूसरे दिन पूछताछ, एल्गोरिद्म और भारतीय कानूनों के पालन पर सरकार सख्त

नई दिल्ली, (भाषा)।

***वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा के अधिकारियों से बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भारत सरकार के अधिकारियों ने पूछताछ की। इस दौरान इंस्टाग्राम के कंटेंट सुझाव संबंधी एल्गोरिद्म और भारतीय कानूनों के अनुपालन जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी।***




आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, मेटा के अधिकारियों ने डीपफेक, बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसएएम), बॉट खातों और कृत्रिम सामग्री से जुड़े मुद्दों को स्वीकार किया और कहा कि कंपनी इनसे निपटने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है।

सूत्रों ने कहा कि करीब एक घंटे चली बैठक के बाद सरकार ने स्पष्ट किया कि वह इन मुद्दों पर कंपनी पर लगातार दबाव बनाए रखेगी और ठोस कदम उठाने को कहेगी।

सरकार ने मेटा से यह भी पूछा कि क्या वह भारतीय कानूनों का पालन कर रही है, उसके एल्गोरिद्म कैसे काम करते हैं और क्या उसके अनुपालन तंत्र में पर्याप्त जांच-परख और संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सुरक्षा उपाय मौजूद हैं।

फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों का संचालन करने वाली कंपनी मेटा ने इस मुद्दे पर सरकार को भरोसा दिलाया कि वह इन चुनौतियों को दूर करने के लिए 'गंभीरता से और कड़ी मेहनत' कर रही है।

मेटा के वैश्विक मामलों के प्रमुख जोएल केपलन की अगुवाई वाली टीम ने लगातार दूसरे दिन सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। यह बैठक हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फेसबुक पोस्ट को अस्थायी रूप से हटाए जाने के बाद सरकार द्वारा भेजे गए समन के संदर्भ में हो रही है।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि मेटा के साथ बैठकों का यह दौर तीन से चार दिन तक चलेगा, जिसमें आगे तकनीकी टीम भी सरकार के साथ विस्तृत चर्चा करेगी।

सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 के प्रावधानों का हवाला देते हुए मेटा को चेताया कि यदि वह मध्यस्थ के रूप में अपने दायित्वों का पालन नहीं करती है, तो उसे मिलने वाली 'सेफहार्बर' सुरक्षा (कानूनी छूट) खतरे में पड़ सकती है।

इससे पहले, बुधवार को हुई बैठक के बाद सरकारी सूत्रों ने बताया था कि मेटा ने प्रधानमंत्री की पोस्ट हटाने की गलती के लिए माफी मांगी थी और साथ ही डीपफेक, बाल यौन शोषण सामग्री तथा भुगतान लेकर कुछ कंटेंट को बढ़ावा देने जैसी नाकामियों को भी स्वीकार किया था।

केपलन ने एक लिखित बयान में कहा था कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की पोस्ट पर लगे प्रतिबंध की त्रुटि के लिए मंत्री से माफी मांगी।

हालांकि, सरकारी सूत्रों का कहना है कि मेटा की तरफ से यह माफी कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग की ओर से आई थी।

सरकार ने यह भी सवाल उठाया कि क्या मेटा पर्याप्त कदम उठा रही है ताकि उसके मंचों पर अवैध सामग्री को रोका जा सके। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी ने माना कि उसकी प्रणालियां अभी पूरी तरह सक्षम नहीं हैं और वह सभी अवैध सामग्री को नियंत्रित नहीं कर पा रही है।

हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी की एक फेसबुक पोस्ट को लगभग पांच घंटे के लिए हटा दिया गया था, जिसे बाद में मेटा ने बहाल करते हुए इसे कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित कंटेंट फिल्टर की गलती बताते हुए माफी मांगी थी।

सरकार ने पिछले महीने इंस्टाग्राम पर कथित बाल यौन शोषण सामग्री वाले विज्ञापनों को लेकर भी मेटा को नोटिस जारी किया था। इन बैठकों में एल्गोरिद्म से जुड़े पक्षपात, प्रमुख खातों की सुरक्षा, डीपफेक और भारतीय कानूनों के अनुपालन जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा हो रही है।

# मंत्रिमंडल ने 23,731 करोड़ रुपये की 'गोबरधन' योजना को दी मंजूरी, बायोगैस उत्पादन बढ़ाने पर जोर

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) के उत्पादन में तेजी लाने के लिए बृहस्पतिवार को 23,731 करोड़ रुपये की एक राष्ट्रीय एकीकृत योजना को मंजूरी दी। यह योजना आयातित जीवाश्म ईंधन पर***



निर्भरता घटाने और स्वच्छ ऊर्जा बदलाव को मजबूत करने के लिए कृषि एवं शहरी कचरे के उपयोग पर आधारित है। सरकार ने एक बयान में कहा कि 'गोबरधन' (जैविक संसाधनों से धन सृजन) योजना वित्त वर्ष 2026-27 से 2035-36 के बीच लागू की जाएगी। इसका लक्ष्य सुनिश्चित खरीद, विनियमित मूल्य, पूंजी सब्सिडी, पाइपलाइन अवसंरचना और वित्त तक आसान पहुंच के जरिये घरेलू सीबीजी उत्पादन को लगभग दस गुना बढ़ाना है।

कुल 23,731 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली इस योजना के तहत कृषि अवशेष, गोबर, चीनी उद्योग का कचरा (गन्ने की खोई), शहरी जैविक कचरा एवं अन्य बायोमास का उपयोग कर कम्प्रेस्ड बायोगैस तैयार की जाएगी। इस गैस को वाहनों में इस्तेमाल होने वाली सीएनजी में मिलाया जा सकेगा। यह योजना मौजूदा पहल, जैसे 'सस्टेनेबल अल्टरनेटिव टुवर्ड्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन' (सतत) कार्यक्रम पर आधारित है, जिसके तहत 200 से अधिक सीबीजी संयंत्र पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं।

नए ढांचे के तहत शहरी गैस वितरण कंपनियां सीएनजी और घरों को आपूर्ति होने वाली पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में सीबीजी की अनिवार्य मिलावट के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सीबीजी खरीदेंगी।

वित्त वर्ष 2026-27 में तीन प्रतिशत, 2027-28 में चार प्रतिशत और 2028-29 से पांच प्रतिशत मिलावट का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने उत्पादकों को दीर्घकालिक राजस्व सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं के लिए कीमतों को किफायती बनाए रखने के उद्देश्य से सीबीजी के लिए 2,110 रुपये प्रति एमएमबीटीयू का विनियमित मूल्य भी तय किया है।

गोबरधन योजना के तहत पात्र नई परियोजनाओं को स्थापित क्षमता के प्रति टन प्रतिदिन पर अधिकतम दो करोड़ रुपये तक की पूंजी सहायता मिलेगी, जबकि पुरानी विस्तार परियोजनाओं को भी समर्थन दिया जाएगा।

इसके साथ, सीबीजी संयंत्रों को मुख्य पाइपलाइन और शहरी गैस नेटवर्क से जोड़ने के लिए अवसंरचना वित्तपोषण, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए ऋण गारंटी व्यवस्था और जैविक कच्चे माल के एकत्रीकरण, प्रौद्योगिकी अपनाने और जिला-स्तरीय परियोजनाओं के विकास के लिए एक विशेष कोष का प्रावधान किया गया है।

बयान के मुताबिक, इस कार्यक्रम से निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा, किसानों और ग्रामीण उद्यमियों की आय के नए अवसर पैदा होंगे, कचरा प्रबंधन में सुधार होगा, जैविक खाद का उत्पादन बढ़ेगा और ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आएगी।

भारत अपनी ऊर्जा बदलाव रणनीति के तहत प्राकृतिक गैस के उपयोग का विस्तार कर रहा है। इसके साथ ही कम्प्रेस्ड बायोगैस जैसे नवीकरणीय गैसीय ईंधन के घरेलू उत्पादन को बढ़ाकर आयातित एलएनजी पर निर्भरता कम करने का प्रयास कर रहा है।

# मंत्रिमंडल के फैसलों से निवेश को मिलेगी गति, संपर्क व्यवस्था होगी बेहतर: प्रधानमंत्री मोदी..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को गोबरधन योजना को मंजूरी दिए जाने और असम में गुवाहाटी-तेजपुर के बीच चार लेन वाले राजमार्ग के निर्माण को स्वीकृति देने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से निर्बाध संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी तथा निवेश और नवोन्मेष के लिए मजबूत एवं भरोसेमंद माहौल तैयार होगा।***

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 23,731 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय गोबरधन योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य कृषि और शहरी अपशिष्ट का उपयोग कर कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) के उत्पादन में तेजी लाना, आयातित जीवाश्म ईंधन (कच्चा तेल, गैस) पर निर्भरता कम करना और देश में स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को गति देना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''स्वच्छ ऊर्जा, ग्रामीण समृद्धि और आत्मनिर्भर भारत के हमारे सामूहिक सपने को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्रिमंडल ने गोबरधन योजना को मंजूरी दी है, जिससे कम्प्रेस्ड बायोगैस को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। इसका लक्ष्य देश में सीबीजी उत्पादन को लगभग दस गुना बढ़ाना है। यह योजना निवेश और नवोन्मेष के लिए मजबूत और भरोसेमंद परिवेश तैयार करेगी।''



उन्होंने कहा कि इस योजना से किसानों, सहकारी समितियों, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई), महिला उद्यमियों और ग्रामीण उद्यमों को लाभ मिलेगा। साथ ही यह ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने, आयातित जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाने और वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने में भी मदद करेगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असम में राष्ट्रीय राजमार्ग-15 पर 135.87 किलोमीटर लंबे चार लेन के 'नियंत्रित प्रवेश' वाले गुवाहाटी-तेजपुर गलियारे को भी मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 8,970.20 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''असम में संपर्क व्यवस्था और विकास को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय राजमार्ग-15 पर चार लेन वाले नियंत्रित प्रवेश गुवाहाटी-तेजपुर कॉरिडोर को मंजूरी दी है। इस परियोजना से यात्रा का समय कम होगा, सड़क सुरक्षा बेहतर होगी और विभिन्न स्थानों पर प्रमुख बाइपास बनने से यातायात जाम की समस्या कम होगी।''

उन्होंने कहा कि इस परियोजना में तेजपुर में आपातकालीन विमान उतरने की सुविधा के साथ पुल, फ्लाईओवर, अंडरपास और सर्विस रोड का भी निर्माण किया जाएगा। यह कॉरिडोर असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच निर्बाध संपर्क को और मजबूत करेगा।

# सीसीपीए ने डार्क पैटर्न अपनाने वाली सात ई-कॉमर्स कंपनियों पर लगाया 20 लाख रुपये का जुर्माना..

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ग्राहकों की खरीद संबंधी पसंद को प्रभावित करने वाली भ्रामक ऑनलाइन रणनीतियां 'डार्क पैटर्न' अपनाने के मामले में जेप्टो और फिजिक्सवाला सहित सात ई-कॉमर्स कंपनियों पर कुल 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।***

यह कार्रवाई नवंबर, 2023 में जारी उन दिशानिर्देशों के तहत की गई है, जिनका उद्देश्य उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले ऑनलाइन मंचों और भ्रामक तरीकों पर रोक लगाना है।

डार्क पैटर्न एक ऐसा जाल है, जो ऑनलाइन मंचों में उपयोगकर्ताओं को खरीदारी करने के लिए भ्रमित या मजबूर करने के मकसद से तैयार किया जाता है। इसमें छिपे शुल्क समेत अन्य लुभावने अवसर दिए जाते हैं।

खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के राज्यमंत्री बी. एल. वर्मा ने चार अगस्त को राज्यसभा में लिखित उत्तर में बताया कि 'डार्क पैटर्न' रोकथाम दिशानिर्देश लागू होने के बाद सीसीपीए ने ऐसे मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

ज़ेप्टो, फिजिक्सवाला, अनुज जिंदल, फर्स्टक्राई, फार्मइजी, मैकेफी और स्पाइसजेट समेत अन्य पर जुर्माना लगाया गया है। वहीं इंटरग्लोब एविएशन और बुकमायशो को नोटिस जारी किए गए थे। दोनों कंपनियों ने बाद में अपनी कमियां दूर कर लीं।

सबसे अधिक सात लाख रुपये का जुर्माना जेप्टो मार्केटप्लेस पर लगाया गया। कंपनी पर 'ड्रिप प्राइसिंग' और 'बास्केट स्नीकिंग' जैसे दो डार्क पैटर्न अपनाने का आरोप था।

सीसीपीए के अनुसार, कंपनी शुरुआत में कम कीमत दिखाकर ग्राहकों को लुभाती थी, लेकिन भुगतान के समय हैंडलिंग शुल्क और जेप्टो पास सदस्यता शुल्क जोड़ देती थी। कंपनी ने जुर्माना जमा कर यह तरीका बंद कर दिया है।

सीसीपीए ने स्वतः संज्ञान लेते हुए फिजिक्सवाला पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया। जांच में पाया गया कि भुगतान के दौरान पीडब्ल्यू फाउंडेशन को 10 रुपये का दान उपभोक्ता की स्पष्ट सहमति के बिना पहले से चुना हुआ रहता था।

मंत्री ने बताया कि सीसीपीए के दिशानिर्देश ई-कॉमर्स क्षेत्र में पहचाने गए 13 तरह के डार्क पैटर्न को नियंत्रित करते हैं, ताकि उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाली गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके।

अनुज जिंदल के कोचिंग मंच पर तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। कंपनी ने 24 घंटे की समय-सीमा दिखाकर तत्काल खरीद का दबाव बनाया, जबकि यह दावा भ्रामक पाया गया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



9 शुक्रवार 07 अगस्त 2026
जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


## रजेगांव में बेखौफ बदमाशों का तांडव:

# सराफा व्यापारी पर डंडों से जानलेवा हमला, सोने-चांदी से भरे दो बैग लूटे..





जगप्रेरणा किरनापुर।

***क्षेत्र में बेखौफ अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब वे शाम होते ही सरेराह संगीन वारदातों को अंजाम देने से भी नहीं हिचकिचा रहे।***

ताजा मामला किरनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रजेगांव का है, जहां अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे एक सराफा व्यापारी को अज्ञात बदमाशों ने रास्ते में घेरकर डंडों से बेरहमी से पीटा और लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहनों से भरे दो बैग छीनकर फरार हो गए।

प्रतिदिन की तरह शाम 8 बजे दुकान बंद कर घर लौटते समय हुआ हमला समय दिनांक 05/08/2026 के शाम 8/25बजे से 8/45 बजे के बीच की घटना स्थल अनिल बोरकर के घर के सामने मेन रोड रजेगांव की बताई गई।

मिली जानकारी के अनुसार, सराफा व्यापारी गेंदलाल पिता सुदामाराव करेंडे रजेगांव निवासी रोजाना की तरह देर शाम 8 बजे अपनी आभूषण की दुकान सागर ज्वेलर्स बंद कर अपनी स्कूटी वाहन से दुकान में रखें सोने चांदी के जेवरात 02 दो बैग में रखकर अपने घर की ओर जा रहा था जिसमें मेहुल लिखा था। जैसे ही व्यापारी रास्ते से गुजर रहे थे, कि पहले से घात लगाकर बैठे अज्ञात बदमाशों ने उन पर अचानक डंडों से हमला कर दिया। बदमाशों ने मेरी स्कूटी वाहन के सामने अपनी गाड़ी रोकी और एक व्यक्ति ने मुझे डंडे से मारा जिस पर मेरे बाएं हाथ पर लगा तो मैं गिर गया। तब उसके साथ पीछे से तीन मोटरसाइकिल में सवार 06अज्ञात व्यक्ति आये मुझे हाथ मुक्को से मारपीट किया एक व्यक्ति ने मुझे मुक्का मारा जो मेरे मुंह में लगा 01 सफेद शर्ट पहने व्यक्ति ने सोने चांदी से भरे मेरे दोनो बैग जिसमें मेरे हस्तलिखित कागजात एवं आधार कार्ड भी था छीनकर चार मोटर साइकिल में बैठकर रजेगांव की ओर भाग गए मैंने चिल्लाया तो आसपास के लोग दौड़े उन्हें पकड़ने लेकिन वे सभी लोग मोटरसाइकिल तेजी से लेकर भाग गये। बदमाशों ने व्यापारी को संभलने का मौका तक नहीं दिया।

### अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से रफूचक्कर हो गए..

घटना के बाद राहगीरों और। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने पीड़ित व्यापारी और आसपास के लोगों के बयान दर्ज कर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी **(CCTV)** फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की धरपकड़ के लिए इलाके में नाकाबंदी कर संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। इस वारदात के बाद से स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश एवं भय का माहौल है।



### बोले नितेश भार्गव (एडिशनल एसपी)..

फरियादी गेंदलाल करेंडे रोज की तरह अपनी ज्वेलरी शॉप बंद करके अपना सामान साथ लेकर के घर जाते हैं रात को एकांत और अंधेरे का फायदा उठाकर बदमाशों ने उनके साथ घटना की लूटपाट की उनके साथ मारपीट की और उनके पास जो सामान था ज्वेलरी का वह लेकर चले गए तत्काल हमने पुलिस ने घटना पर संज्ञान लिया सबसे पहले उन्हें चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई उसके बाद उनसे पूछताछ करके सबसे पहले प्रथम दृष्टया रिपोर्ट पंजीबद्ध कराई और पूरी टीम हमारी इस पर निरंतर सकरी होकर बदमाशों की घर पकड़ में प्रयासरत हैं।

लूटपाट के दौरान जेवरात की कीमत के संबंध में पूछने पर बताया गया कि अभी खुलासा होने के बाद ही पता चल पाएगा चूंकि पीड़ित के साथ मारपीट की गई है जिससे वे चोटिल है। अभी गणना करके बताने की स्थिति में नहीं है। हम लोग घटना पर पूरा प्रयास कर रहे है हमने इस पर तरह-तरह की टीमें बना ली है हम लोग आसपास महाराष्ट्र ,छत्तीसगढ़ के जो संदेही लोग और जिनका पूर्व में अवैध रिकॉर्ड हैं वो फरियादी ने जो बताया है इस तरह के लोग थे उनके आधार पर लगातार निरंतरता से काम कर रहे हैं शीघ्र ही इस घटना का खुलासा भी करेंगे।

# प्रस्फुटन समितियाँ क्षमता वृद्धि से करे विकास कार्य, बैठक सह प्रशिक्षण में दी जानकारी..





जगप्रेरणा लांजी।

***मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में विकासखंड लांजी में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम स्तर पर गठित प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाता सीएम इंटर्न के लिए जनपद पंचायत सभागार में***

एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य समिति सदस्यों की क्षमता का विकास कर उन्हें ग्राम विकास, सामाजिक जागरूकता तथा जनभागीदारी आधारित गतिविधियों में अधिक प्रभावी भूमिका निभाने के लिए तैयार करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला समन्वयक महेश पटले ने कहा कि प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम ग्रामीण विकास की दिशा में एक सशक्त पहल है। इसके माध्यम से ग्राम स्तर पर गठित समितियों को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनाया जा रहा है, ताकि वे शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों में भी सक्रिय योगदान दे सकें। उन्होंने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का उल्लेख करते हुए सभी से अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि माता के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण की भावना से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जब तक पौधे पूर्ण विकसित वृक्ष न बन जाएं, तब तक उनकी सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

उन्होंने इसे केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण का जनआंदोलन बताया। बैठक के दौरान 12 से 17 अगस्त तक आयोजित होने वाली हरियाली कलश नवांकुर सखी यात्रा की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने तथा राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

प्रशिक्षण सत्र में विकासखंड समन्वयक संतोष नगपुरे ने प्रस्फुटन समिति के सदस्यों को ग्राम विकास गतिविधियों के प्रभावी दस्तावेजीकरण, योजनाओं के क्रियान्वयन, अभिलेख संधारण तथा जनसहभागिता को सुदृढ़ बनाने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि योजनाओं का सुव्यवस्थित दस्तावेजीकरण विकास कार्यों की पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम में रमेश आसटकर, घनश्याम पारधी, लवकुश यादव, डोमेश्वर सोनवाने, मुनेश पटले, विजय हटिले, संदीप रामटेक्कर, अशोक घरते, ज्योति शकरपुड़े, निलेश्वर ठाकरे, गणेश लिल्हारे, तुलसीराम उइके, राजू भीमटे, आकाश ऐडे, अशोक अस्तने, रामदास नगपुरे, राजकुमार नगपुरे, जुनेद शेख, पिंकी अग्रवाल, रज्जू यादव, भूमेश लिल्हारे एवं क्षत्रपाल सिहोरे सहित नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, सीएम इंटर्न तथा विकासखंड की 26 ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★टायर ★अलाईनमेन्ट
★बैलेंसिंग ★नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921


# पटवारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल से कामकाज हो रहे प्रभावित..




जगप्रेरणा किरनापुर।

***मध्यप्रदेश पटवारी संघ अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार चौथे दिन भी तहसील कार्यालय किरनापुर के समक्ष अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटा रहा।***

हड़ताल के कारण राजस्व विभाग से जुड़े कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन और हड़ताल जारी रहेगी।

वहीं आम नागरिकों को नामांतरण, सीमांकन, आय-जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र सहित अन्य राजस्व कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पटवारी संघ ने सरकार से शीघ्र वार्ता कर मांगों का समाधान निकालने की अपील की है।

# ग्राम विकास की कल्पना के साथ पीपलगांव कला में शिविर सह जनजागरूकता का संदेश

## अखंड रामायण पाठ में हुई ग्रामीणों की सहभागिता..









जगप्रेरणा लांजी।

***30 दिन 30 गांव अखण्ड रामायण पाठ अभियान अंतर्गत गांव - गांव में अखण्ड श्री राम चरित मानस पाठ कार्यक्रम जारी है। इसी कड़ी में लांजी किरनापुर क्षेत्र के ग्राम पीपलगांव कला में स्थानीय***

नागरिकों के सहयोग से एवं ग्राम समितियों के द्वारा अखण्ड श्री रामचरित मानस पाठ समिति एवं अभिनंदन लाइफ़ फ़ाउंडेशन के सहयोग से 5 अगस्त को शुभारभ एवं 6 अगस्त 2026 को विश्रांति के साथ अखण्ड श्री रामचरित मानस पाठ सम्पन्न हुआ। इस दौरान गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 212 लोगो ने जांच किया और दवाई प्राप्त किया और निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें 113 लोगो ने जांच किया और 23 लोग मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित हुए जिनका निःशुल्क स्वास्थ सेवा प्रदान किया जाएगा।आज श्रद्धा, सेवा और जनजागरण का अदभुत संगम देखने को मिला। अखण्ड श्री रामचरित मानस पाठ के पावन आयोजन के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान, बच्चों की प्रतिभा विकास तथा नशा मुक्ति जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### बेटीयो की सेवा, शिक्षा, सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी..

कार्यक्रम में उपस्थित संतजनों, प्रबुद्ध नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणों ने श्रीरामचरितमानस के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। श्रीरामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आदर्श जीवन, सामाजिक समरसता, सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण का मार्गदर्शक है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व पर जागरूक किया गया तथा बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन, नैतिक मूल्यों तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में ग्रामीणों को स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा गंभीर बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। सभी से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने का आग्रह किया गया।

### कार्यक्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित

सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करें, प्लास्टिक का प्रयोग कम करें तथा अपने गांव को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### गौ माता का पूजन किया गया..

अखण्ड श्री राम चरित मानस पाठ कार्यक्रम में हवन यज्ञ के साथ- साथ गौ माता का पूजन किया गया, गौ माता की रक्षा संकल्प लिया गया।

### 25पौधों के साथ रुद्राक्ष, चंदन के पौधों का पौधारोपण बैंड बाजे के साथ गांव में..

गांव में प्रकृति के संरक्षण को लेकर संदेश के साथ बच्चों की तरह ही हम पेड़ पौधा का पालने की जिम्मेदारी गांव के लोगो ने किया और गांव गांव में घूम घूम का महिला मंडल समिति और स्थानीय नागरिकों समिति के साथ मिलकर पौधारोपण अभियान कार्यक्रम किया गया। गांव में 25 पौधों का पौधारोपण कार्यक्रम किया गया।

### महिलाओं ने किया हल्दी कुमकुम कार्यक्रम..

भारतीय संस्कृति के आधारभूत मूल्यों पर महिला मंडल द्वारा गांव गांव में सेवा संस्कार, आदर्श के साथ हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आयोजित किया और महिला द्वारा एक दूसरे का सम्मान किया। अपने लक्ष्य के साथ परिवार का संरक्षण जागरुकता के साथ आदर्श व्यवहार कर परिवार से परिवार संस्कार जोड़ने का कार्य किया और सुख समृद्धि की कामना की।

### समापन कार्यक्रम में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम..

समापन अवसर पर गांव के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम में समाज को शिक्षाप्रद संदेश दिया बच्चो के द्वारा और गांव में अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ आगे बढ़ते रहने का संकल्प लिया। और संगीत के साथ मंच पर बच्चों को कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### इनका रहा सहयोग

ग्राम पीपलगांव कला में आयोजित अखंड श्री रामचरित मानस पाठ में भोजराज धनोले, राकेश नाकतोड़े, नारायण अवसरे, हेमंत नाकतोड़े, घनश्याम नाकतोड़े, नारायण नाकतोड़े, राजेंद्र अवसरे, रामेश्वर आवरे, श्यामलाल पांचे, चंद्रकुमार धनोले, माणिकलाल धनोले, लिलालधर ठाकरे, मक्खनलाल सिरसाम, पंकज अवसरे, राधेश्याम ठाकरे, राहुल नकतोडे, निकेश महेश्वरे, राजा दरवरे, लखन दरवरे, तामेश्वर बाघमारे, चंदन नाकतोड़े, लुरेश पांचे, अनिल नकतोडे, सुनील नाकतोड़े, बीरेन्द्र बेदरे, संतोष नाकतोडे, सालिकराम अवारिया, हेमेन्द्र अवारिया, एवं समस्त ग्रामवासीगणों का सहयोग रहा।

### टेमनी में हुआ अखण्ड पाठ शुभारभ

क्षेत्र के ग्राम टेमनी में 6 अगस्त को अखण्ड श्री राम चरित मानस पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम के शिव मंदिर परिसर में सभी स्थानीय नागरिकों एवं ग्राम समितियो और निवासियों के सहयोग से संगीतमय कार्यक्रम शुभारभ किया गया। जिसका 7 अगस्त को अखण्ड श्री राम चरित मानस पाठ का विश्रांति के साथ स्वास्थ शिविर एवं मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर, प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के महाप्रसाद के साथ संपन्न होगा आप सभी क्षेत्र वासियों से अनुरोध है कि पुण्य अखण्ड श्री राम चरित मानस पाठ कार्यक्रम में उपस्थित का आग्रह है।


व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।



मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


## पाली ऍकेमिक इंस्टिट्यूशन बिसोनी तह. लांजी जिला - बालाघाट (म. प्र.)

**।। आवश्यकता है।।**

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.) परिनीयम कोड - 28 के अन्तर्गत पाली ऍकेमिक इंस्टिट्यूशन बिसोनी, तह.- लॉजी, जिला - बालाघाट (म. प्र.) में बी.ए./ बी.एस.सी. पाठ्यक्रम हेतु सहायक प्राध्यापको की आवश्यकता है। आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता / अनुभव सम्बन्धी समस्त प्रमाण पत्रों, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड की छायाप्रति एवं तीन रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो सहित नियुक्ति हेतु निर्धारित तिथि में आवेदन पत्र महाविद्यालय में रजिस्टर्ड डाक द्वारा दिनांक 15/09/2026 तक जमा करे ।

| क्र. | पद | | पद संख्या | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहा. प्राध्यापक | गणित | 01 | सम्बंधित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि 55 प्रतिशत अंको के साथ एवं P.HD. या NET / SLET अनुभवी को प्राथमिकता |
| 2 | सहा. प्राध्यापक | भौतिक | 01 | |
| 3 | सहा. प्राध्यापक | रसायन | 01 | |
| 4 | सहा. प्राध्यापक | जीव विज्ञान | 01 | |
| 5 | सहा. प्राध्यापक | वनस्पति विज्ञान | 01 | |
| 6 | सहा. प्राध्यापक | हिन्दी | 01 | |
| 7 | सहा. प्राध्यापक | राजनीति | 01 | |
| 8 | सहा. प्राध्यापक | समाजशास्त्र | 01 | |
| 9 | सहा. प्राध्यापक | भूगोल | 01 | |
| 10 | सहा. प्राध्यापक | अंग्रेजी | 01 | |
| 11 | सहा. प्राध्यापक | कम्प्युटर | 01 | |
| 12 | सहा. प्राध्यापक | संगीत | 01 | |
| 13 | सहा. प्राध्यापक | फाईन आर्ट | 01 | |

नोट- उपरोक्त पदों के लिए यूजीसी के नियमो के आधार पर किया जायेगा। वेतनमान एवं आरक्षण में यूजीसी एवं म.प्र. शासन के नियमों का पालन किया जावेगा। आवेदन पत्र महाविद्यालय के संचालक के पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा दिनांक 15.09.2026 तक जमा कर सकते है।

संचालक
पाली केड्मिक इंस्टिट्यूशन बिसोनी
तह. लांजी, जिला बालाघाट म.प्र.
पिन कोड 481222
मो.नं 7805091361

मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



जग प्रेरणा live मंडला नैनपुर
● बिछिया ● बीजाडांडी ● घुघरी ● मवई ● मोहगांव ● नारायणगंज ● निवास

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# मंडला पुलिस की बड़ी कामयाबी: तीन गुमशुदा नाबालिग बालिकाएं सकुशल बरामद, परिजनों को सौंपा..

जगप्रेरणा बीजाडांडी/मंडला।

*पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन में थाना बीजाडांडी पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए तीन गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं को*



सकुशल दस्तयाब कर बड़ी सफलता हासिल की है। सभी आवश्यक वैधानिक प्रक्रियाएं पूर्ण करने के बाद तीनों बालिकाओं को उनके विधिक अभिभावकों के सुपुर्द कर दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना बीजाडांडी में तीनों नाबालिग बालिकाओं की गुमशुदगी के अलग-अलग प्रकरण दर्ज थे। मामलों की गंभीरता को देखते हुए थाना पुलिस ने तत्काल विशेष टीम गठित कर लगातार पतासाजी शुरू की। तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर तंत्र एवं सघन खोजबीन अभियान के माध्यम से पुलिस को बालिकाओं की लोकेशन से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग प्राप्त हुए।

पुख्ता सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तीनों बालिकाओं को सुरक्षित बरामद कर लिया। इनमें एक बालिका को गुजरात के सोमनाथ से, दूसरी को ग्राम टिकरिया से तथा तीसरी को डिंडोरी जिले से सकुशल दस्तयाब किया गया। इसके बाद आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर तीनों बालिकाओं को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मंडला पुलिस ने बताया कि जिले में गुमशुदा बच्चों की शीघ्र तलाश एवं सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं, जिससे ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई कर बच्चों को सुरक्षित उनके परिवार तक पहुंचाया जा सके।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका..

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनीता कुड़ापे के नेतृत्व में उप निरीक्षक सत्यनारायण कुशवाह एवं मुरारीलाल धुर्वे, सहायक उप निरीक्षक जय पाण्डेय एवं रंजीत सरैया, प्रधान आरक्षक विजय छिहा, आरक्षक प्रतीक रजक तथा महिला आरक्षक महिमा बास्केल, रीना नांगले एवं सौदामिनी की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

# मां नर्मदा का जल लेकर भोरमदेव के लिए निकले कांवड़िए, सोमवार को करेंगे जलाभिषेक

जगप्रेरणा मंडला।

*सावन माह में आस्था और भक्ति से ओतप्रोत कांवड़ यात्रा के तहत छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले की चिल्फी घाटी से आए श्रद्धालुओं ने गुरुवार को मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर*



भोरमदेव धाम के लिए प्रस्थान किया। मां सिंहवाहिनी समिति के बैनर तले आयोजित इस कांवड़ यात्रा का यह 28वां वर्ष है। सोमवार को कांवड़िए भोरमदेव पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ यात्रा के संयोजक ब्रजेश तिवारी ने बताया कि 28 वर्ष पूर्व केवल तीन श्रद्धालुओं के साथ इस यात्रा की शुरुआत हुई थी, जो आज सैकड़ों शिवभक्तों की आस्था का प्रतीक बन चुकी है। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व महिष्मति घाट पर मां नर्मदा का पूजन एवं महाआरती की गई, जिसके बाद श्रद्धालु हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के साथ रवाना हुए। महिष्मति घाट पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के किशोरी लाल साहू, सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर कांसकार, नीरज अग्रवाल, किशोर रजक, राजेश दीक्षित, राजेश क्षत्री, मुकेश सोनी, पंडित रमणीय दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने कांवड़ियों का स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

वहीं झूला पुल स्थित भोलेनाथ मंदिर में मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने पुष्पमालाएं पहनाकर एवं फल वितरित कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। इस दौरान गुड्डू ठाकुर, मुन्ना कोष्ठा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। ब्रजेश तिवारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा भगवान शिव के प्रति श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का प्रतीक है। श्रद्धालु पवित्र नदी से जल लाकर शिवलिंग पर अभिषेक करते हैं, जिससे धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता का भी संदेश मिलता है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सेवा, अनुशासन और समर्पण का भी अनुपम उदाहरण है। इसमें शामिल श्रद्धालुओं की आस्था और तपस्वी जीवनशैली समाज के लिए प्रेरणादायी है।

मां सिंहवाहिनी समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालु शिव भजनों का गायन करते हुए भगवान भोलेनाथ का निरंतर स्मरण करते हैं। कई कांवड़िए व्रत रखकर यात्रा पूरी करते हैं। मार्ग में विभिन्न सेवा शिविरों में भोजन, चिकित्सा और विश्राम की व्यवस्था की गई है। समिति के अनुसार सोमवार सुबह सभी कांवड़िए भोरमदेव धाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।

# सैन्य बलों की वीरता के पीछे परिवारों का बड़ा योगदान : मंत्री सम्पतिया उईके

जगप्रेरणा बम्हनी/मंडला।

*विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) 35वीं वाहिनी, ग्वारा का 21वां स्थापना दिवस गुरुवार को गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया।*







कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने कहा कि सैन्य बलों के साहस, शौर्य और समर्पण के पीछे उनके परिवारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। परिवारजन जवानों का मनोबल बढ़ाने के साथ उनकी अनुपस्थिति में पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाते हैं, जिससे जवान पूरी निष्ठा से राष्ट्र सेवा कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल देश की सीमाओं की रक्षा के साथ नक्सलवाद जैसी आंतरिक चुनौतियों का भी साहसपूर्वक सामना कर रहे हैं। बटालियन परिसर की विद्युत व्यवस्था की समस्या पर उन्होंने प्रशासन को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए मंगल भवन निर्माण का भी आश्वासन दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि सैन्य बलों के जवान और उनके परिवार राष्ट्र सेवा के लिए सदैव समर्पित रहते हैं। उन्होंने देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके त्याग और साहस को प्रेरणास्त्रोत बताया।

समारोह में जवानों के परिजनों एवं बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जवानों ने 'नशा मुक्त मंडला' विषय पर जनजागरूकता नाटक प्रस्तुत किया। इस दौरान महिला मंडल की सदस्यों को हारमोनियम वितरित किए गए तथा मेधावी विद्यार्थियों और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद बम्हनी बंजर की अध्यक्ष मीना हरदहा, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी, कमांडेंट 35वीं वाहिनी, डिप्टी कमांडेंट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, जवान एवं उनके परिजन मौजूद रहे।

# स्कूल समय में पटाखा साइलेंसर से हुड़दंग, दो बाइक हुई जब्त..

### समाजसेवियों की सूचना पर पुलिस की कार्रवाई, यातायात नियम तोड़ने वालों पर चलेगा विशेष अभियान..





जगप्रेरणा घुघरी/मंडला।

*स्कूली बच्चों की सुरक्षा और क्षेत्र की शांति व्यवस्था में बाधा डालने वाले मनचले बाइक सवारों के खिलाफपुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए पटाखा*

साइलेंसर लगी दो मोटरसाइकिलें जब्त कर लीं। दोनों वाहन चालकों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, घुघरी में सुबह 10:30 बजे तथा शाम 4 से 4:30 बजे के बीच स्कूल खुलने और छुट्टी के समय कुछ युवक पटाखा साइलेंसर लगी बुलेट मोटरसाइकिलों से तेज रफ्तार में घूमकर तेज धमाकेदार आवाजें निकालते थे। इससे स्कूली बच्चों, अभिभावकों और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बुधवार को इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाजसेवी एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष सेमलाल मरावी और ब्लॉक प्रवक्ता रोहित मरकाम ने सेलवारा पुल के पास घेराबंदी की। इस दौरान तेज रफ्तार और पटाखा साइलेंसर से शोर मचा रहे दो बाइक सवारों को पकड़कर तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देशन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों मोटरसाइकिलों सहित चालकों को थाने ले जाकर कार्रवाई की। थाना प्रभारी ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा यातायात नियमों के पालन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पटाखा साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों, वाहनों में अवैध हूटर का उपयोग करने वालों, काली फिल्म लगी गाड़ियों तथा नियम विरुद्ध नंबर प्लेट या पम्पलेट लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा क्षेत्र में शांति और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

# 8 साल से फरार 4 स्थायी वारंटी गिरफ्तार, बीजाडांडी पुलिस की बड़ी कार्रवाई..

जगप्रेरणा मंडला।

*जिले में न्यायालय से लंबित स्थायी वारंटों की तामीली के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बीजाडांडी थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है।*



पुलिस ने पिछले 8 वर्षों से फरार चल रहे चार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक अनीता कुड़ापे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लगातार तलाश और पतासाजी करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए स्थायी वारंटियों में बबलू मार्को, राजकुमार ठाकुर, दिलीप मरावी और यमुना मेहरा शामिल हैं। सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के अनुसार लंबे समय से फरार एवं न्यायालय से लंबित स्थायी वारंटियों की लगातार तलाश की जा रही थी। विशेष अभियान के दौरान मिली इस सफलता को कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका..

पूरी कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक अनीता कुड़ापे के नेतृत्व में संपन्न हुई। टीम में उप निरीक्षक मुरारीलाल धुर्वे, सहायक उप निरीक्षक जय पाण्डेय एवं अक्षय यादव, प्रधान आरक्षक विजय छिरा तथा आरक्षक आशीष पाण्डेय, रमाकांत त्रिपाठी और सौदामिनी लोधी की सराहनीय भूमिका रही।

# हरियाली यात्रा-2026: नवांकुर नर्सरी में तैयार हो रहे 2 हजार पौधे, 5 गांवों में होगा पौधरोपण

जगप्रेरणा मंडला।

*मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर योजना के तहत हरियाली यात्रा-2026 की तैयारियां तेज हो गई हैं।आदिवासी*






जनकल्याण विकास संस्थान द्वारा सेक्टर क्रमांक-03 के ग्राम मोहगांव में 2 हजार फलदार, औषधीय एवं छायादार पौधों की नवांकुर नर्सरी तैयार की जा रही है। इन पौधों का रोपण मोहगांव, हीरापुर, जवैधा, तौरदरा और बसगढ़ी सहित पांच गांवों में किया जाएगा। संस्था ने पांचों गांवों से 100 महिलाओं का चयन 'नवांकुर सखी' के रूप में किया है। ये महिलाएं अपने-अपने गांवों में पौधरोपण अभियान का नेतृत्व करेंगी। साथ ही लगाए गए पौधों की सुरक्षा, नियमित देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाएंगी। संस्था का उद्देश्य महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देना और गांवों में हरित क्षेत्र का विस्तार करना है। अभियान के तहत नागरिकों, युवाओं और सामाजिक संगठनों से भी हरियाली यात्रा-2026 में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पौधरोपण करने तथा पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की गई है।

# रात्रि अभियान: 41 निराश्रित मवेशी पकड़कर कांजी हाउस भेजे गए..

जगप्रेरणा मंडला।

*शहर की सड़कों पर घूम रहे निराश्रित मवेशियों के खिलाफनगर पालिका परिषद ने विशेष रात्रि अभियान चलाया। गठित टीम ने शहर के प्रमुख मार्गों से 41 निराश्रित मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित रूप से कांजी हाउस पहुंचाया।*



नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कम करने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं, पशुपालकों से अपील की गई है कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें और उन्हें अपने नियंत्रण में रखें, ताकि शहर में आवारा मवेशियों की समस्या न बढ़े तथा आमजन को असुविधा का सामना न करना पड़े।

# खेत में पलटा ट्रैक्टर, 26 वर्षीय किसान की हुई दर्दनाक मौत..

जगप्रेरणा मोतीनाला/मंडला।

*जिले के मोतीनाला थाना क्षेत्र के ग्राम बदवार में गुरुवार को कृषि कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया। खेत में जुताई करते समय ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया,*





जिससे ट्रैक्टर चला रहे 26 वर्षीय नंद कुमार यादव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मवई विकासखंड के ग्राम भदवा निवासी नंद कुमार यादव खेत में ट्रैक्टर से खेती का काम कर रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया।

हादसे में नंद कुमार ट्रैक्टर के नीचे दब गए। आसपास मौजूद ग्रामीण उन्हें बचाने के लिए दौड़े, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही मोतीनाला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

जग प्रेरणा ग्रामीण
गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन के जन्मदिवस पर सालेकसा में होंगे विभिन्न जनसेवा कार्यक्रम..




**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, राज्यसभा सांसद तथा गोंदिया जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक के अध्यक्ष मा. श्री राजेंद्रजी जैन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 8 अगस्त 2026 (शनिवार)***

को सालेकसा में विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का आयोजन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, तालुका सालेकसा द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम के तहत सुबह 10:00 बजे ग्रामीण अस्पताल, सालेकसा में मरीजों को फल वितरण एवं वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके बाद सुबह 11:00 बजे स्टेशन रोड स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में सांसद राजेंद्र जैन के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरोगी जीवन की कामना से अभिषेक पूजन आयोजित होगा। इसके पश्चात सुबह 11:30 बजे श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महिलाओं को 10 किलो शक्कर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रहने की संभावना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन की जिम्मेदारी तालुका अध्यक्ष डॉ. अजय उमाटे एव शहर अध्यक्ष ब्रजभूषण बैस सहित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, सालेकसा के पदाधिकारियों द्वारा संभाली जा रही है।

## भव्य कांवड़ यात्रा 10 अगस्त को..

# संस्कार ग्रुप युवा संगठन का 20 वें वर्ष का आयोजन..





**जगप्रेरणा आमगांव।**

***प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संस्कार ग्रुप युवा संगठन द्वारा 20 वें वर्ष की कांवड़ यात्रा का आयोजन सावन माह के दूसरे सोमवार तारीख 10 अगस्त 2026 को***

भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के उद्देश्य से किया गया है ।बम-बम भोले, ओम नमः शिवाय के जयकारे और शिव शंकर की झांकी के साथ बाघ नदी सालेकसा रोड़ से जल भरकर लाया जाएगा और कुंभारटोली स्थिति महादेव पहाड़ी मंदिर के भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा।

संस्कार ग्रुप द्वारा कांवड़ यात्रा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं से पारंपरिक वेशभूषा में आने का आग्रह किया गया है। पुरुषों से भगवा अथवा पीले वस्त्र तथा मातृशक्ति से पीली साड़ी धारण करने का अनुरोध किया गया है। संगठन ने नगर के पुरुषों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों से बड़ी संख्या में सहभागिता करने का आवाहन किया है। कावड़ यात्रा बाघ नदी सालेकसा रोड़ से कामठा चौक, गांधी चौक, मानकर चौक, आंबेडकर चौक, रिसामा, रेलवे स्टेशन रोड़ से होते हुए महादेव पहाड़ी के शिव मंदिर पहुँचेगी, वहां भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा तथा श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया है।

संस्कार ग्रुप युवा संगठन ने इस धार्मिक एवं भव्य आयोजन को सफल बनाने हेतु नगर के समस्त नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### पेट्रोल पंप पर खडे 4 ट्रको से बैटरी चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 2/8/2026 के रात 8 बजे के दरम्यान सलोनी पेट्रोल पंप गाडी खड़ी कर फर्यादी कोमेन्द्र खेमराज मेंढे उम्र 37 वर्ष निवासी डोंगरगाव सो गये सुबह उठकर देखा तो टिप्पर से 2 बॅटरी गायब थी। पीछे खडे अन्य 3 ट्रको से भी बॅटरी नही थी। घटना तारीख के दरम्यान 4 खडे ट्रको से अज्ञात चोर ने कुल 37 हजार की बैटरी चुराकर ले जाने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 376/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोना नागदिवे 1873 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से मोटरसायकल चालक की हुई मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के देवरी पुलिस थाना अंतर्गत अक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 5/8/2026 के सुबह 9 बजे के दरम्यान धोबीसराड मे फर्यादी ग्यानीराम श्रावण येल्ले उम्र 75 वर्ष निवासी भोयरटोला के भतीजे महेश येल्ले और भागवत येल्ले अपनी मोटरसायकल से देवरी जा रहे थे। थोडी देर बाद फर्यादी को फोन आया की तेरे भतीजे महेश येल्ले का ॲक्सीडेंट हुवा है। फर्यादी ने जाकर देखा महेश मृत अवस्था मे पडा था। किसी अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मारने से उसकी मौत हुई है। फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे देवरी मे अपराध क्रमांक 277/2026 धारा 281,106,1, भान्यास 2023 सहकलम 184,134, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी राठोड पोस्टे देवरी कर रहे है।

### तलाव के पानी मे डुबने से हुई मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 4/8/2026 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान कुणबीटोला मे रूपलाल जयचंद मच्छीरके उम्र 40 वर्ष अपने खेत गया था। शाम तक नही लौटने से उसे देखने गये तो तलाव के बाजु मे मोबाईल मिला तलाव के अंदर जाकर देखे तो वह मृत अवस्था मे पड़ा था। फर्यादी के पानी मे डुबने से हुई मौत के दिये बयान पर पोस्टे सालेकसा मे अकस्मात मौत क्रमांक 29/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच सफौ सुनिल वानखेडे 1184 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### अचानक तबीयत खराब हुवे 13 वर्ष के बच्चे की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 3/8/2026 के शाम 6 बजे के दरम्यान ग्राम तावशी मे ओमकार गणेश दूरुगकर उम्र 13 वर्ष की अचानक तबीयत खराब हुई उसे ग्रामीण अस्पताल अर्जुनी मोर ले गये जहां डाक्टर ने प्राथमिक जॉच कर केटीएस अस्पताल रेफर किया। गोंदिया मे चल रहे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मर्ग के कागजपत्र पोस्टे अर्जुनी मोर में प्राप्त होने से पोस्टे अर्जुनी मोर मे अकस्मात मौत क्रमांक 29/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोऊपनी पल्लवी देशमुख पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

# सालेकसा कनिष्ठ महाविद्यालय में छात्र परिषद चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न

### शाला नायक पद पर आनंद हिरेखन तो उपशाला नायक मनीषा बहेकार..





**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***सालेकसा कनिष्ठ महाविद्यालय में विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जानकारी देने तथा लोकतंत्र के महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से छात्र परिषद***

चुनाव का सफल आयोजन किया गया। चुनाव से पूर्व विद्यार्थियों को मतदान की प्रक्रिया, मतदाता के अधिकार तथा लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके पश्चात महाविद्यालय में वास्तविक चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

चुनाव में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। विभिन्न पदों के लिए कुल 15 विद्यार्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया था। मतदान शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए गए।

### चुनाव परिणाम इस प्रकार रहे..

शाला नायक पद पर आनंद हिरेखन ने अपने प्रतिद्वंद्वी को पराजित कर विजय प्राप्त की। **क्रीड़ा नायक पद पर** सागर राऊत ने अपने प्रतिद्वंद्वी को भारी मतों से हराकर जीत दर्ज की।

**सांस्कृतिक नायक पद पर** पूजा डुंबरकांबळे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारी मतों से विजय हासिल की। **छात्र प्रतिनिधि पद पर** रोशनी सोलंकी ने अपने प्रतिद्वंद्वी को बड़े अंतर से पराजित कर जीत दर्ज की।

पूरी चुनाव प्रक्रिया महाविद्यालय के प्राचार्य आर. बी. वैद्य, कनिष्ठ महाविद्यालय प्रभारी प्रा. बी. एम. कोरे तथा वरिष्ठ प्राध्यापक प्रा. ए. के. सरनागत के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

चुनाव अधिकारी के रूप में प्रा. पी. एम. हनवते ने अपनी जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। वहीं चुनाव को सुचारु रूप से संपन्न कराने में प्रा. एम. एच. चौधरी, प्रा. जी. बी. पटले, प्रा. एन. सी. मच्छिरके, प्रा. आर. आर. रोकडे, प्रा. आर. जे. बिसेन तथा अशोक टेकाम ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि ऐसे चुनावों के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदान के महत्व तथा जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना का विकास होता है। पूरे चुनाव के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# दानवीर संगीताबाई कुंवरलाल नागोसे का मरणोपरांत नेत्रदान..

### अंतिम इच्छा का किया सम्मान..



**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***ग्राम पंचायत तिरखेड़ी निवासी श्रीमती संगीताबाई कुवरलाल नागोसे (45 वर्ष) का 5 अगस्त को आकस्मिक निधन हो गया।***

अपने जीवनकाल में उन्होंने मरणोपरांत नेत्रदान करने की इच्छा व्यक्त की थी। उनके निधन के बाद परिजनों ने उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी कराई। इस पुण्य कार्य में ग्राम पंचायत तिरखेड़ी के सरपंच एवं स्मार्ट ग्राम पंचायत तिरखेड़ी की पहल से नेत्रदान की संपूर्ण प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। संगीताबाई नागोसे के इस प्रेरणादायी निर्णय की क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है। आज तिरखेड़ी ग्राम के लिए संगीताबाई नागोसे समाजसेवा और मानवता की मिसाल बन गई हैं। उनके मरणोपरांत नेत्रदान से दो लोगों के जीवन में रोशनी आने की उम्मीद जगी है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व तिरखेड़ी के नरेश गोविंद पटले ने भी अपने सभी अंग दान करने का संकल्प लेकर समाज के सामने एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया था। तिरखेड़ी ग्राम में अंगदान और नेत्रदान जैसी जनहितकारी पहलें समाज में जागरूकता का संदेश दे रही हैं।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

# विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत कुडवा स्वास्थ्य वर्धिनी उपकेंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### पहले गाढ़े (पीले) दूध से मिलने वाले पोषक तत्व मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी-डॉ. नेहा टेंभरे, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, उपकेंद्र कुडवा..






**जगप्रेरणा गोंदिया।**

1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में भानपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत कुडवा स्वास्थ्य वर्धिनी उपकेंद्र में विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेहा टेंभरे, स्वास्थ्य सेविका वर्षा बांबेल एवं प्रीति कटरे, आशा सेविकाएं अनिता नेवारे, गायत्री ठाकरे, मीरा उपवंशी तथा बबीता उके ने गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को स्तनपान के महत्व, सही विधि तथा इससे होने वाले लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवक मनोज तरोणे सहित गांव की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। डॉ. नेहा टेंभरे ने बताया कि मां का दूध शिशु के लिए अमृत के समान होता है। जन्म के तुरंत बाद शिशु को स्तनपान कराना उसके स्वस्थ जीवन की सबसे महत्वपूर्ण शुरुआत है। उन्होंने कहा कि मां के दूध में मौजूद पोषक तत्व और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले गुण किसी अन्य आहार में उपलब्ध नहीं होते। स्वास्थ्य सेविका वर्षा बांबेल ने बताया कि मां के दूध में नवजात शिशु के संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। यह शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और उसे अनेक बीमारियों से सुरक्षित रखता है। इसलिए मां का दूध शिशु के लिए पूर्ण आहार माना जाता है। स्वास्थ्य सेविका प्रीति कटरे ने बताया कि जन्म के तुरंत बाद मां और शिशु का त्वचा से त्वचा का संपर्क होना चाहिए तथा एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन्म के बाद निकलने वाला पहला गाढ़ा (पीला) दूध शिशु के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इसमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं। उन्होंने छह माह तक केवल स्तनपान कराने तथा उसके बाद दो वर्ष तक पूरक आहार के साथ स्तनपान जारी रखने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को स्तनपान संबंधी जानकारी वाले पम्पलेट वितरित किए गए तथा बैनर एवं पोस्टरों के माध्यम से भी जनजागरूकता की गई।

### स्तनपान से शिशु को होने वाले प्रमुख लाभ..

स्तनपान शिशु के लिए सर्वोत्तम और संपूर्ण आहार है। इसमें विटामिन, प्रोटीन, वसा तथा शिशु के विकास के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्व उचित मात्रा में पाए जाते हैं। साथ ही इसमें ऐसे प्रतिरक्षात्मक तत्व होते हैं जो शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं और संक्रमण, एलर्जी, अस्थमा तथा अन्य बीमारियों से बचाव में मदद करते हैं। नियमित स्तनपान से शिशु के मस्तिष्क का बेहतर विकास होता है, जिससे उसकी बौद्धिक क्षमता भी बढ़ती है। इसलिए स्तनपान को शिशु के स्वस्थ विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार माना जाता है।



अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

### होम्योपैथिक चिकित्सकों को ऐलोपैथिक प्रेक्टिस की मान्यता के विरोध में

# पुरे महाराष्ट्र के साथ ही गोंदिया जिले में भी डॉक्टर्स की हड़ताल न्यायालय के आश्वासन पर स्थगित..






## पुनः सुचारु रुप से गोंदिया जिले के सभी 135 डॉक्टर्स ने शुरु की सेवाएं..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा एक पहल करते हुए होम्योपैथिक डॉक्टर्स को एक वर्षीय कोर्स सीसीएमपी करने पर ऐलोपेथिक प्रेक्टिस की पात्रता 2014 में शुरु की गई थी, तथा इसके उपरांत अब राज्य सरकार द्वारा आईएमए की तरह की मेडिकल काऊंसिल में होम्योपैथिक डॉक्टर्स का भी पंजीयन कराया जाना प्रारंभ किया जा रहा था, तथा होम्योपैथिक डॉक्टर्स को ऐलोपेथिक रजिस्ट्रेशन प्रदान करने*

का सरकार का यह फैसला महाराष्ट्र राज्य में सभी आईएमए डॉक्टर्स और मार्ड संगठन से संबंधित डॉक्टर्स ने विरोध शुरु करते हुए हड़ताल शुरु कर दी थी, तथा दो दिन की डॉक्टर्स की हड़ताल के बाद भी जब सरकार ने सुनवाई नहीं की, तब राज्य में डॉक्टर्स ने इमरजेंसी सेवाएं भी रोक दी, जिसके उपरांत राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहाल होने की इस स्थिति में उच्च न्यायालय ने संज्ञान लिया तथा डॉक्टर्स के प्रमुख संगठन आईएमए एवं मार्ड से चर्चाएं कर इस मामले में फास्ट ट्रेक कोर्ट में सुनवाई करते हुए फैसला करने का आश्वासन दिया, जिसके उपरांत अब महाराष्ट्र में सभी डॉक्टर्स ने अपनी हड़ताल वापस ले ली है, तथा इसके उपरांत स्वास्थ्य सेवाओं के लिये अपने कर्त्तव्य का विधिवत पालन करना डॉक्टर्स ने शुरु कर दिया है।

गोंदिया में आईएमए के अध्यक्ष डॉ. अमित जायसवाल एवं सचिव डॉक्टर दुर्गाप्रसाद पटले ने जगप्रेरणा को बताया कि होम्योपैथिक डॉक्टर्स की होम्योपैथिक काऊंसिल में पहले से पंजीयन की प्रक्रिया शुरु है, लेकिन उनके उस पंजीयन के उपरांत उनका एक और पंजीयन करने की पात्रता प्रदान किया जाना ऐलोपैथिक चिकित्सा पद्धति के विपरित प्रतीत हो रहा था, तथा इसके कारण भविष्य में अनेक दिक्कतों का सामना आईएमको करने की स्थिति निर्मित हो सकती थी। जिसके कारण पुरे राज्य में आईएम और मार्ड संगठन ने राज्य सरकार के निर्णय के विरोध में हड़ताल शुरु कर दी थी, जिस पर माननीय न्यायालय ने डॉक्टर्स की हड़ताल पर संज्ञान लेते हुए आईएमए और मार्ड के डॉक्टर्स से चर्चा कर यह आश्वासन प्रदान किया कि विषयांतर्गत फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की जायेगी, तथा उसके उपरांत फैसला किया जायेगा।

आईएमए अध्यक्ष डॉ. अमित जायसवाल ने यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा निर्णय से पूर्व जो कमेटी बनाई गई थी, उसमें आईएमए और मार्ड को स्थान नहीं दिया गया, जिस पर उक्त कमेटी में एमआईए और मार्ड को स्थान देने के उपरांत तथा सभी निर्णय पर विश्लेषण के उपरांत निर्णय लिये जाने का आश्वासन भी माननीय न्यायालय द्वारा दिया गया है, जिसके उपरांत अब सभी डॉक्टर्स पुनः अपनी सेवाएं में लग गए हैं। सचिव डॉ. दुर्गाप्रसाद पटले ने आगे कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में पूर्ण निष्ठा के साथ सेवाएं देने के लिये आईएमए प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि राज्य आईएमए के निर्णय के उपरांत गोंदिया जिले में भी स्वास्थ्य सेवाओं को रोक दिया गया था, तथा मांगों को लेकर आईएमए के प्रतिनिधि मंडल द्वारा कलेक्टर गोंदिया एवं पुलिस अधीक्षक गोंदिया को ज्ञापन सौंपकर सुचना देते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया था, तथा तीन दिनों से स्वास्थ्य सेवाओं को पूर्णतः बंद रखा गया था, तथा गोंदिया जिले में सभी 135 डॉक्टर्स ने अपने क्लिनिक और स्वास्थ्य सेवाओं को पूर्णतः बंद रखा था, वहीं राज्य आईएमए के निर्देश के उपरांत आज 06 अगस्त को आईएमए गोंदिया के हॉल में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी 135 डॉक्टर्स उपस्थित थे। सभी ने राज्य एमआईए के निर्णय के उपरांत अपनी सेवाओं को तत्काल विधिवत शुरु कर दिया, जिससे कि अब लोगों ने राहत की सांस ली है।

### इन्होंने सौपा ज्ञापन..

गौरतलब है कि आईएमए गोंदिया की ओर से जिला शल्य चिकित्सक, कलेक्टर गोंदिया एवं पुलिस अधीक्षक गोंदिया को ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रुप से डॉ. राजेंद्र जैन, डॉ. जयपुरिया, डॉ. संजीव चिटनवीस, डॉ. विकास जैन, डॉ. लता जैन, डॉ. निलेश जैन, डॉ. मुकेश पारधी, डॉ. विवेक जैन, डॉ. रत्नपारखी, डॉ. मेघा मैडम, डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. शेफाली जैन, डॉ. संजय भगत, डॉ. सन्नी जायसवाल, डॉ. रानी जायसवाल, डॉ. दर्पण चौधरी, डॉ. डी. पी. पारधी, डॉ. विद्यासागर मोहन, डॉ. चंद्रशेखर राणा, डॉ. नोव्हिल ब्रह्मणकर, डॉ. तिमिर पटले, डॉ. पीयूष जायसवाल, डॉ. विशाल बहिर, डॉ. नरेश मोहारकर, डॉ. सचिन केलनका, डॉ. एकता मिरानी, डॉ. सृष्टि केलनका, डॉ. मयूरी पटले, डॉ. वैभव तुरकर, डॉ. श्वेता राणा, डॉ. निधि जयपुरिया, डॉ. पराग जयपुरिया, डॉ. हेमल शाह, डॉ. गार्गी शाह, डॉ. लक्ष्मी गुप्ता संहित अनेक डॉक्टर्स उपस्थित थे।

# अकृषक रूपांतरण और सनद की शर्त समाप्त कर दिये जाने के बावजूद भी नागरिकों को परेशानी..

## भाजपा रेलटोली मंडल ने मुख्याधिकारी को सौंपा ज्ञापन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*महाराष्ट्र सरकार के राजस्व व वन विभाग द्वारा 10 फरवरी 2026 को जारी शासन निर्णय के तहत भूमि के अकृषक रूपांतरण और अकृषक सनद की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है। इसके बावजूद नगर परिषद गोंदिया क्षेत्र में नागरिकों को अब भी अकृषक रूपांतरण कराने के लिए कहा जा रहा है, जिससे भ्रम और प्रशासनिक*

कठिनाइयां पैदा हो रही हैं। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी, रेलटोली मंडल के अध्यक्ष ऋषिकांत (ऋषि) साहू ने नगर परिषद गोंदिया के मुख्याधिकारी को आज 6 अगस्त को ज्ञापन सौंपकर तत्काल आवश्यक कार्यवाही और स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है।

मुख्याधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में ऋषिकांत साहू ने बताया कि राज्य सरकार के नए शासन निर्णय (क्रमांक एनएपी-2025/ प्र.क्र.177/ जमीन -01अ) के अनुसार महाराष्ट्र प्रादेशिक नियोजन व नगररचना अधिनियम, 1966 के तहत नियोजन प्राधिकरण द्वारा विकास अनुमति या भवन निर्माण अनुमति प्रदान किए जाने पर पृथक से अकृषक अनुमति एवं अकृषक सनद लेने की बाध्यता खत्म कर दी गई है। नियम के मुताबिक विकास अनुमति मिलने के बाद राजस्व अभिलेखों में आवश्यक प्रविष्टियां दर्ज की जानी चाहिए। हालांकि, गोंदिया नगर परिषद क्षेत्र में अधिकांश भूमि अब भी राजस्व अभिलेखों में कृषक स्वरूप में दर्ज है और नागरिकों को विभिन्न कार्यों के लिए भूमि को अकृषक कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इससे आम जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

भाजपा रेलटोली मंडल ने प्रशासन से मांग की है कि शासन निर्णय के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया जाए ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो। इस ज्ञापन की प्रतियां नगर विकास मंत्री, राजस्व मंत्री, जिलाधिकारी, स्थानीय विधायक तथा नगर रचना विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भी उचित कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई हैं। निवेदन देते समय नगर परिषद के भाजपा गट नेता और गोंदिया बाजार मंडल अध्यक्ष विवेक मिश्रा, नगर परिषद के उपाध्यक्ष संतोष पटले, नगर परिषद सभापति प्रदीप (पिंटू) माने, सभापति कैलाश यादव, नगरसेवक शिव शर्मा, नगरसेवक शिशिर (गोलू) बिसेन, नगरसेवक राजीव (रिंकू) आसवानी, घनश्याम पानतावने, राहुल वाल्दे, धर्मेश (बेबी) अग्रवाल, शहर महामंत्री नीतीश शाह, आशीष ठकरानी, राकेश अग्रवाल आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गोंदिया कृषि उत्पन्न बाजार समिति में राजनीतिक भूचाल, सभापति और उप सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

## 18 में से 13 संचालकों ने जिलाधिकारी दार पत्की को सौंपा अविश्वास प्रस्ताव..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया कृषि उत्पन्न बाजार समिति (एपीएमसी) की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। वर्तमान सभापति भाऊराव उके तथा उप सभापति राजकुमार उर्फ पप्पू पटले के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया*

गया है। समिति के 18 में से 13 संचालकों ने उनके कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी मंदार पत्की को विधिवत अविश्वास प्रस्ताव सौंपा। संचालकों का आरोप है कि सभापति एवं उपसभापति समिति का संचालन मनमाने ढंग से कर रहे थे तथा महत्वपूर्ण निर्णयों में संचालक मंडल को विश्वास में नहीं लिया जाता था। इसी कारण पिछली मासिक बैठक में बहुमत से प्रस्ताव पारित कर उनके वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार वापस ले लिए गए थे। इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं होने पर अंततः अविश्वास प्रस्ताव लाने का निर्णय लिया गया। महाराष्ट्र कृषि उपज विपणन (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1963 तथा संबंधित नियमों के तहत यह अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। संचालकों ने जिलाधिकारी से इस प्रस्ताव पर विचार एवं मतदान के लिए शीघ्र विशेष बैठक बुलाने की मांग की है। अविश्वास प्रस्ताव पर 13 संचालकों ने हस्ताक्षर किए हैं। इसकी प्रतिलिपि आगे की कार्रवाई के लिए विपणन संचालक (पुणे), विभागीय सहनिबंधक (नागपुर) तथा उप जिला निबंधक (गोंदिया) को भी भेजी गई है। सूत्रों के अनुसार, मंडी समिति में बहुमत का आंकड़ा अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले गुट के पक्ष में दिखाई दे रहा है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जिलाधिकारी विशेष बैठक कब बुलाते हैं और आगे क्या परिणाम निकलता है।

### जि.प. शिक्षण विभाग में अनियमितताओं को लेकर

# आजाद क्रांति सेना ने पोल खोल कर दिया 7 दिनों का अल्टीमेटम..




जगप्रेरणा गोंदिया।

*जिला परिषद शिक्षण विभाग, गोंदिया में जारी कथित भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और फर्जीवाड़े के खिलाफ 'आजाद क्रांति सेना' ने मोर्चा खोल दिया है। आजाद क्रांति सेना के अध्यक्ष नागेश दुबे द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली पर*

गंभीर सवाल खड़े करते हुए पोलखोल की गई। संगठन ने दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए प्रशासन को 7 दिनों का अल्टीमेटम दिया है। आजाद क्रांति सेना ने आरोप लगाया कि श्रीमती चंद्रभागाबाई चंचलबेन पटेल गांधी वार्ड स्थित स्कूल में कार्यरत पूर्व शिक्षक सुहास उके की वैयक्तिक मान्यता रद्द की गई थी, लेकिन उसी अनियमितता में सहभागी पूर्व मुख्याध्यापिका पुष्पा डी. मालाधारी और उनकी बहू आरती कमलकुमार चौहान (मालाधारी) पर शिक्षणाधिकारी पवन खदारे द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। पूर्व विस्तार अधिकारी देवराम मालाधारी पर आरोप लगाया गया कि वर्ष 2018-19 के चर्चित टीईटी घोटाले में उनकी सुपुत्री नम्रता देवराम मालाधारी का नाम अपात्र/घोटालेबाज़ सूची में (मेरिट क्रमांक 7011, रोल नंबर 7304110024) शामिल है। इसके बावजूद विभाग द्वारा मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी प्रकार शंकरलाल अग्रवाल स्कूल गोंविंदपुर स्कूल में कार्यरत आरती कमलकुमा र चौहान (मालाधारी) की वैयक्तिक मान्यता में त्रुटियाँ पाई गई हैं। जब आरटीआई (सूचना का अधिकार) के तहत दस्तावेज़ माँगे गए, तो शिक्षणाधिकारी पवन खदारे और संबंधितों द्वारा टालमटोल की गई और गलत जानकारी देकर गुमराह किया गया। आजाद क्रांति सेना के अनुसार, उपसंचालक नागपुर शिक्षण विभाग द्वारा माँगी गई रिपोर्ट और जि.प. उपाध्यक्ष सुरेश हर्षे को प्रेषित पत्रों के बावजूद कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई। आरटीआई एक्ट की धारा 8 (1) का गलत हवाला देकर जानकारी छुपाई जा रही है। संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि पुष्पा मालाधारी, आरती मालाधारी और उनका संरक्षण करने वाले अधिकारियों पर अगले 7 दिनों के भीतर कार्रवाई की जाए। शंकरलाल अग्रवाल स्कूल (गोंविंदपुर) और प्राथमिक शाला काटी के संबंधित शिक्षकों व प्राध्यापकों के संपूर्ण दस्तावेज़ सार्वजनिक किए जाएँ। यदि समय रहते निष्पक्ष जाँच कर दोषियों को कार्यमुक्त नहीं किया गया और कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, तो आजाद क्रांति सेना अपने स्तर पर तीव्र आंदोलन करेगी। 6 अगस्त को शाम 7 बजे होटल रिया एम्पीरियल मे प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर नागेश दुबे अध्यक्ष आझाद क्रांती सेना ने जानकारी दी, इस अवसर पर पार्षद अजय यादव उपस्थित थे।



## बोल बम के नारों के साथ भक्तों का जत्था बैद्यनाथ धाम यात्रा के लिए रवाना..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** झारखंड के देवघर में मौजूद बैद्यनाथ धाम की यात्रा के लिए गोंदिया से भक्तों का एक जत्था हर्षोल्लास के साथ रवाना हुआ। एक हफ़्ते की यात्रा के दौरान, वे सुल्तानगंज से देवघर तक लगभग 105 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करेंगे, जिसमें देश भर के दूसरे भक्त भी शामिल होंगे। इस संबंध में नगर के शिवभक्त मोंटू पुरोहित ने बताया कि सावन महीने में कांवड़ यात्रा का खास महत्व है, वे कावड़ यात्रा कर देवघर शिव मंदिर में शिवलिंग पर पवित्र जल चढ़ाएंगे और गोंदिया जिले की सुख शांति एवं समृद्धि के लिये बाबा बैद्यनाथ से प्रार्थना करेंगे। गोंदिया से बैद्यनाथ धाम यात्रा के लिये रवाना हुए जत्थे में प्रमुख रुप से संतोष बंसल, अभिजीत सोनी, मनीष शर्मा, सत्यम पुरोहित, श्लोक पुरोहित, शैलेश असाटी, लक्ष्य शर्मा, विशेष पुरोहित, जय शर्मा, रचित पुरोहित, कलश असाटी, मानस तिवारी एवं अन्य शामिल थे। सभी भक्तो को गोंदिया रेलवे स्टेशन पर गर्मजोशी से बोल बम के नारों के साथ यात्रा की सफलता की कामना के साथ शुभ विदाई दी गई।

## शातिर चोर को नागपुर से धर दबोचा..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** स्थानीय अपराध शाखा गोंदिया ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के कुल 6 मामलों का पर्दाफाश किया है। अर्जुनी मोरगांव, भंडारा, गढ़चिरौली और चंद्रपुर जिलों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को पुलिस ने नागपुर से हिरासत में लिया है। आरोपी के कब्जे से 1,18,000 रुपये का माल जब्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 28 जुलाई 2026 को मौजा बोंडगांवदेवी (थाना अर्जुनी मोरगांव) निवासी केशव प्रकाश शेंडे जब अपना मकान बंद कर बाहर गए थे, तब अज्ञात चोर ने दरवाजे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण व नकदी सहित कुल 3,36,000 रुपये का माल पार कर दिया था। इस मामले में अर्जुनी मोरगांव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे तथा स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक रेवचंद सिंगनजुड़े के मार्गदर्शन में जांच दल गठित किया गया।

# एस.एस. गर्ल्स हाईस्कूल में शौचालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न..



## आगामी 2 सितम्बर को भव्यता के साथ मनाई जाएगी स्व. सुखदेव जी अग्रवाल की 125 वी जयंती..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*शहर के प्रसिद्ध एस.एस. गर्ल्स हाईस्कूल में शौचालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर गोंदिया के नगराध्यक्ष सचिन शेंडे, विधायक विनोद अग्रवाल के प्रतिनिधि रोहित अग्रवाल, शिक्षण सभापति अनुज जायसवाल, बांधकाम सभापति प्रदीप (पिंटू) माने, प्रभाग के पार्षद अभय अग्रवाल, पार्षद नेहा यादव, पूर्व न.प. सभापति गोपाल*

एच. अग्रवाल , गोंदिया जिला व्यापारी फेडरेशन के महासचिव अपूर्व अग्रवाल, श्री अग्रसेन स्मारक समिति के उपाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, हम तुम चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, रायल क्लब के संचालक शिवा अग्रवाल, स्कूल की प्रधानाध्यापिका अनिता जोशी सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का मंच संचालन व्यंकट चौहान ने किया। इस अवसर पर नगराध्यक्ष सचिन शेंडे, फेडरेशन महासचिव अपूर्व अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, पार्षद निलेश यादव एवं पूर्व न.प. सभापति गोपाल एच. अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्व. सुखदेव जी अग्रवाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस संदर्भ में अधिक जानकारी देते हुए फेडरेशन महासचिव एवं आयोजन से प्रमुखता से जुड़े अपूर्व अग्रवाल ने बताया कि आगामी 2 सितंबर 2026 को सुभाष स्कूल मैदान में प्रातः 11 बजे से स्व. सुखदेव जी अग्रवाल की 125 वी जयंती भव्यता के साथ मनाई जाएगी जिसमें राज्यसभा सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल पटेल, राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन, गोंदिया जिले के पालक मंत्री इंद्रनील नाईक, विधायक विनोद अग्रवाल, पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, विधायक संजय पूराम, विधायक विजय राहंगडाले, विधायक अविनाश ब्राह्मणकर, पूर्व विधायक गिरीश व्यास, नगराध्यक्ष सचिन शेंडे समेत अनेक प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर गोंदिया के मेधावी विद्यार्थीयों का सत्कार भी किया जाएगा। उन्होंने सभी से इस अवसर पर उपस्थिति का आव्हान किया है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com